आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

अब छत्र के नीचे रहेंगी बाबा साहब आंबेडकर की मूर्तियां: सीएम योगी

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 07 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 57 www.janexpresslive.com/epaper

'भारत-रूस के रिश्ते हुए और मजबूत' 12

# 'इंडिगो आज शाम तक रद्द उड़ानों का रिफंड दें'

## 48 घंटे में सामान लौटाए, दूसरी एयरलाइंस किराया न बढ़ाएं, एयरपोर्ट पर यात्रियों में मारपीट, लात-घूंसे चले, कोई रोया, किसी ने हंगामा किया, महिला सिक्योरिटी से भिड़ी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो एयरलाइन के संकट मामले में केंद्र सरकार ने चार दिन बाद शनिवार को सख्ती दिखाई। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह कल रविवार रात 8 बजे तक सभी पेंडिंग पैसेंजर रिफंड वापस करे। पैसेंजर के लगेज भी 48 घंटे में लौटाए। इसके अलावा, सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा ना लें। अगर निर्देशों को नहीं माना गया तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा। शनिवार को भी कई देश के कई एयरपोर्ट्स से लोगों ने टिकट रिफंड और सामान ना मिलने की शिकायतें आईं। मुंबई एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को चार दिन से लगेज ना मिलने से स्टाफ से झगड़ते दिखे। उधर, इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार 5वें दिन शनिवार को सुधार नहीं दिख रहा है। देश के 4 बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत कई शहरों से इंडिगो की 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की जा चुकी हैं। पिछले 4 दिन में 2,000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। रोजाना एवरेज 500 फ्लाइट लेट हो रही हैं।




### साउथ सेंट्रल रेलवे चलाएगा 4 स्पेशल ट्रेनें

साउथ सेंट्रल रेलवे ने शनिवार को घोषणा की कि वह इंडिगो की फ्लाइट्स के बड़े पैमाने पर कैंसिल होने से पैसेंजर्स की बढ़ती भीड़ को मैनेज करने के लिए चार स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि फ्लाइट्स के कैंसिल होने से एयरपोर्ट पर यात्रियों को काफी परेशानी और लंबी लाइनों का सामना करना पड़ रहा है। एक बयान में कहा गया है कि वह आज हैदराबाद से चेन्नई, मुंबई और शालीमार (कोलकाता) जाने वाले पैसेंजर्स की एक्स्ट्रा भीड़ को कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है।

### तय सीमा से ज्यादा किराया न वसूलें दूसरी एयरलाइन्स

मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो संकट के बीच कुछ एयरलाइन्स की ओर से वसूले जा रहे बहुत ज्यादा एयरफेयर्स को गंभीरता से लिया है। मिनिस्ट्री ने सभी एयरलाइन्स को एक ऑफिशियल निर्देश जारी किया गया है जिसमें अब तय किए गए फेयर कैप्स का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। ये कैप्स तब तक लागू रहेंगी जब तक हालात पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाते। इस निर्देश का मकसद मार्केट में प्राइसिंग डिसिप्लिन बनाए रखना, मुश्किल में फंसे यात्रियों का शोषण रोकना और यह पक्का करना है कि सीनियर सिटिजन्स, स्टूडेंट्स और मरीजों को इस दौरान पैसे की दिक्कत न हो।

### आज रात 8 बजे तक पैसा रिफंड करें

सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने इंडिगो से कहा है कि वह रविवार रात 8 बजे तक फ्लाइट्स में रुकावट से प्रभावित यात्रियों के लिए टिकट रिफंड प्रोसेस पूरा करे। साथ ही कहा कि एयरलाइन यह पक्का करे कि फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से यात्रियों से अलग किया गया सारा सामान अगले 48 घंटों के अंदर डिलीवर हो जाए।

### गोवा एयरपोर्ट पर इंडिगो की 14 फ्लाइट कैंसिल

शनिवार को गोवा के डाबोलिम एयरपोर्ट से इंडिगो की कम से कम 14 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। साउथ गोवा में मौजूद डाबोलिम एयरपोर्ट के बाहर कई पैसेंजर्स फंसे हुए देखे गए, क्योंकि कुछ फ्लाइट्स कैंसिल होने की घोषणा आखिरी मिनट में की गई थी। गोवा के ट्रैवल एंड टूरिज्म एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जैक सुखिजा ने शुक्रवार को कहा कि इंडिगो का इंडियन एविएशन मार्केट में 60 परसेंट से ज़्यादा शेयर है और इसके फ्लाइट ऑपरेशन में रुकावटों का टूरिज्म इंडस्ट्री पर बुरा असर पड़ेगा।

### लोगों का फूटा गुस्सा, एयरलाइन पर निकाली भड़ास

इस कम्युनिटी नोट पर यूजर्स प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जब हालात इतने खराब हैं तो फिर इंडिगो द्वारा टिकट क्यों बेचे जा रहे हैं? साथ ही लोगों ने पूछा कि क्या लोगों को जो परेशानी हुई, उसके लिए इंडिगो मुआवजा देगी? एक अन्य यूजर ने लिखा ये इंडिगो के लिए बेहद शर्मनाक बात है, एयरलाइन योजना के स्तर पर बुरी तरह से असफल हुई है, या ये डीजीसीए को ब्लैकमेल करने के लिए जानबूझकर तो नहीं किया गया। यात्रियों की परेशानी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए और उड़ानें रद्द होने पर यात्रियों को रिफंड भी नहीं दिया गया। लोगों को हुई परेशानी के लिए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। एक यूज़र ने लिखा कि नियमों में छूट के लिए डीजीसीए को ब्लैकमेल करने के लिए ये स्थिति पैदा की गई। नए नियम जनवरी 2024 को नोटिफाई किए गए थे और इंडिगो के पास काफी समय था ताकि वह अपनी कमियों को दूर कर सके। लोगों को हुई परेशानी के लिए सिर्फ रिफंड देना ही काफी नहीं है। कुछ यूजर्स ने तो इंडिगो के नेतृत्व को ही बदलने की मांग कर डाली और शीर्ष पदों पर बैठे लोगों का इस्तीफा मांगा।

### डीजीसीए के वे नए नियम, जिससे इंडिगो में स्टाफ की कमी हुई

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और बाकी क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं, 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है।

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को हटाया जा सकता है

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को हटाने की मांग करने की योजना बना रही है। एविएशन मंत्रालय ने आज शाम इंडिगो के अधिकारियों को बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन पर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, इंडिगो एक भरोसेमंद एयरलाइन मानी जाती थी। दिल्ली जाते समय मुझे भी देरी हुई और मैंने एयरपोर्ट पर लोगों को घबराते देखा। जो गलत हुआ, वह सामने आना चाहिए। जैसे-जैसे इंस्टीट्यूशन प्राइवेट हो रहे हैं ट्रांसपेरेंसी की कमी होती जा रही है। इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए।

### चेन्नई एयरपोर्ट पर शनिवार को 48 फ्लाइट कैंसिल

चेन्नई एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ी दिक्कतें आईं, क्योंकि आज रात तक चलने वाली कुल 48 फ्लाइट कैंसिल कर दी गईं। इससे मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, कोयंबटूर, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, अंडमान, लखनऊ, पुणे और गुवाहाटी जैसी खास घरेलू जगहों पर जाने वाले यात्रियों पर असर पड़ा। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, ज़्यादातर प्रभावित फ्लाइट ऑपरेट करने वाली एयरलाइन इंडिगो ने घोषणा की है कि ये कैंसिलेशन 10 दिसंबर तक जारी रहने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल में इंडिगो की गड़बड़ी में तुरंत कानूनी दखल की मांग की गई है।

### इंडिगो की जम्मू से 9 फ्लाइट ऑपरेशनल, श्रीनगर से 7 फ्लाइट कैंसिल

इंडिगो ने शनिवार को जम्मू एयरपोर्ट से अपनी 11 में से नौ फ्लाइट्स फिर से शुरू करने की घोषणा की, लेकिन एयरलाइन के पायलट-रोस्टरिंग मुद्दों के कारण देश भर में हुई रुकावटों के कारण श्रीनगर से सात फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं। एयरलाइन को शनिवार को श्रीनगर एयरपोर्ट से 36 फ्लाइट्स ऑपरेट करनी थी, जिनमें से 18 आने वाली और 18 जाने वाली थीं। हालांकि, रोस्टरिंग की दिक्कतों की वजह से इंडिगो ने आने वाली सात और जाने वाली इतनी ही फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं, उन्होंने बताया कि एक अलग एयरलाइन की दूसरी फ्लाइट का आना-जाना भी कैंसिल कर दिया गया।

### चार दिनों के बाद टूटी सरकार की नींद

बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2500 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। इसके चलते उपलब्ध सीटों की संख्या घट गई। विमानन कंपनियों ने इस आपदा में अवसर देखा और हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी कर दी। ऐसी स्थिति में हवाई यात्री खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि बीते चार दिनों से सरकार ने भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज शनिवार को सरकार की नींद टूटी। अब सरकार ने एयरलाइंस को निर्देश जारी कर ज्यादा किराया वसूलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ाने रद्द

शनिवार को भी 400 से ज्यादा इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई हैं। जिनमें दिल्ली एयरपोर्ट पर 106, मुंबई हवाई अड्डे पर सुबह 9 बजे तक 109, , मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 108, पुणे हवाई अड्डे पर 42, हैदराबाद एयरपोर्ट पर 69, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 19, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर 6 उड़ानें रद्द हुई हैं। शुक्रवार को इंडिगो की देशभर में 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। कई दिनों की चुप्पी के बाद शुक्रवार को इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने एक वीडियो साझा कर लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी।

# एसएसबी इंस्पेक्टर व तस्करों की कथित बातचीत, ऑडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

- चाइनीज माल सीमा पार कराने की कथित बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- मामला प्रकाश में आने के बाद 22वीं बटालियन एसएसबी महराजगंज मुख्यालय द्वारा तत्काल प्रभाव से विभागीय जांच शुरू कर दी

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित ठूठीबारी एसएसबी बीओपी कैंप कार्यालय में तैनात 22वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक इंस्पेक्टर का तस्करों से कथित साठगांठ का ऑडियो इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला प्रकाश में आते ही एसएसबी के उच्चाधिकारियों ने संबंधित इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि जन एक्सप्रेस अखबार वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22वीं बटालियन के बीओपी प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार यादव का एक कथित ऑडियो शनिवार को इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में इंस्पेक्टर और कस्बे के एक तस्कर के बीच नेपाल राष्ट्र से पिकअप वाहन के जरिए चाइनीज यानी (थर्ड कंट्री) का सामान भारतीय सीमा में लाने को लेकर बातचीत होने का दावा किया गया है। ऑडियो प्रकाश में आने के बाद एसएसबी अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश जारी कर दिए गए है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बार्डर की सुरक्षा व्यवस्था की संवेदनशीलता को एक फिर उजागर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय जांच के दौरान वायरल ऑडियो की तकनीकी परीक्षण, कॉल डिटेल्स तथा कथित तस्करी नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की गहराई से छानबीन की जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई तय मानी जा रही है। फिलहाल अधिकारी जांच प्रक्रिया पूरी होने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रहे हैं। इस संबंध में 22वीं वाहिनी एसएसबी महराजगंज के कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल ऑडियो सहित पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित इंस्पेक्टर पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।




# दो दिवसीय दौरे पर बागेश्वर पहुंचे धामी

## कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, जय श्री राम के नारों से गूंजा क्षेत्र

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

सीएम पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण पर बागेश्वर पहुंच गए हैं। गरुड़ के मेलाडुंगरी हेलीपेड पर मुख्यमंत्री धामी जैसे ही पहुंचे, पूरा क्षेत्र जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण पर बागेश्वर पहुंच गए हैं। गरुड़ के मेलाडुंगरी हेलीपेड पर मुख्यमंत्री धामी जैसे ही पहुंचे, पूरा क्षेत्र जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में जुटे बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का माला पहनाकर और पारंपरिक तरीके से अभिनंदन किया। इस दौरान, सामान्य जनता भी अपने मुख्यमंत्री की एक झलक पाने और उनका अभिवादन करने के लिए आतुर दिखी। मुख्यमंत्री धामी ने भी कार्यकर्ताओं और जनता का अभिवादन स्वीकार किया और उनका आभार व्यक्त किया। हेलीपैड से वह वह कार से पर्यटक आवास गृह बैजनाथ पहुंचे। जहां फिलहाल वह भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्धजनों के साथ भी वह भेंटवार्ता करेंगे। करीब डेढ़ बजे वह बागेश्वर पहुंचेंगे। जिला मुख्यालय में उनकी पार्टी कार्यालय में बैठक है। शाम चार बजे बजे से वह अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। पांच बजे पत्रकारों से वार्ता का कार्यक्रम रखा गया है।



# उत्तर प्रदेश में आठ महीने में राजस्व विभाग ने कमाए 35 हजार करोड़



- अवैध कारोबार में शामिल 13,243 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 2,464 को जेल भेजा गया

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल से नवंबर माह तक विभाग ने 35,144 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया है, जो बीते वर्ष इसी अवधि में प्राप्त 30,402.34 करोड़ रुपये की तुलना में 4,741.77 करोड़ रुपये (15.59 प्रतिशत) अधिक है। साथ ही, निर्धारित लक्ष्य 37,900 करोड़ रुपये के सापेक्ष 92.73 प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नवंबर माह में ही 4,486 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध कठोर कार्रवाई विभाग की प्राथमिकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अक्टूबर माह तक प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के कुल 70,017 प्राथमिकी दर्ज कर 18.5 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। अवैध कारोबार में शामिल 13,243 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 2,464 को जेल भेजा गया। नवंबर माह में विभाग की दैनिक प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 10,002 प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 2.35 लाख बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। साथ ही 1,812 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 297 को जेल भेजा गया तथा अवैध तस्करी में प्रयुक्त 14 वाहनों को जब्त किया गया। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने कुछ दिन का लाइसेंस लेकर रोजाना शराब परोसने वाले रेस्टोरेंट और होटल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उन्होंने ऐसे प्रकरण सामने आने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही, इसमें लिप्त विभागीय अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा कुछ क्लब बार के लाइसेंस भी बिना पंजीकरण आदि की स्थिति का परीक्षण किए नवीनीकृत हो रहे हैं, जो उचित नहीं है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी क्लब बार लाइसेंसों के नवीनीकरण के पूर्व उनके पंजीकरण एवं विधिसम्मत संचालन आदि का गहनता से परीक्षण किया जाए। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित कर रिपोर्ट भेजें। इस बाबत विकास प्राधिकरणों, पुलिस व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करें।

### ग्राहकों को शराब परोसते

दरअसल, विभाग के संज्ञान में आया है कि कई जिलों में संचालित रेस्टोरेंट व होटल सप्ताह में कुछ दिनों के लिए बार लाइसेंस लेकर शेष दिनों में भी ग्राहकों को शराब परोसते हैं। इसके चलते राजस्व की क्षति के साथ विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है। यह भी संज्ञान में आया है कि ऐसे प्रकरणों में कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा मिलीभगत से रेस्टोरेंट और होटल को नियमित बार लाइसेंस हेतु आवेदन करने के प्रति हतोत्साहित किया जा रहा है या सहयोग नहीं किया जा रहा है।

# बरेली में 27 घरों के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, दो माह तक नहीं होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के शाहबाद क्षेत्र में 27 घरों के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इन घरों को नगर निगम ने अवैध बताकर ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए थे। इसके बाद 27 मकानों के मालिक हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे थे। हाईकोर्ट की डबल बेंच से उनको बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दो माह का समय दिया है। इस अवधि में आवेदक अपना प्रत्यावेदन जमा कर सकते हैं। तब तक नगर निगम वहां कार्रवाई नहीं करेगा। नगर निगम द्वारा जिन घरों के लिए नोटिस जारी किए गए थे, उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान भी शामिल थे, जिससे प्रभावित परिवारों ने याचिका दायर की थी। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए दो माह का समय निर्धारित किया है। नगर आयुक्त ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा है कि कोर्ट ने दो महीने तक कार्रवाई पर रोक लगाई है।

### परिवारों ने ली की सांस

हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रभावित परिवारों को फिलहाल राहत मिली है, जो लगातार ध्वस्तीकरण नोटिस के खिलाफ आवाज उठा रहे थे।

# बसपा सुप्रीमो मायावती का केंद्र पर हमला: रुपये के अवमूल्यन को बताया राष्ट्रीय चिंता, बहुजनों से की जागरूक रहने की अपील

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि रुपये के अवमूल्यन का मामला अब आर्थिक न होकर, देश व जनहित का बन गया है। केंद्र सरकार आर्थिक सलाहकारों के भरोसे रहने के बजाय खुद गंभीर होकर इसके समाधान के ठोस उपाय करे। बसपा सुप्रीमो शनिवार को नई दिल्ली में संविधान रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित कर रही थीं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा इस बात को लेकर सचेत, सजग व चिंतित है कि देश के करोड़ों शोषित-पीड़ित दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों के 'अच्छे दिन' अब तक क्यों नहीं आए हैं, जिनके लिए डॉ. आंबेडकर आजीवन संघर्ष करते रहे। जातिवादी पार्टियों के राजकाज में गरीब व मेहनतकश बहुजनों को बेहतर जीवन मिलना संभव नहीं है।



# आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और अन्य नेताओं ने संसद भवन परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को इंसानी गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श हमें विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए राह दिखाते रहें।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, 'डॉ. आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज को दिल से धन्यवाद देते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर अपनी पूरी जिंदगी बराबरी, भाईचारे और न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए मजबूती से खड़े रहे। आज हमसे उन मूल्यों को बनाए रखने, बचाने की उम्मीद की जाती है, जिनके लिए वे जिए। देश को उनका सबसे बड़ा तोहफा, भारत का संविधान है।'



### राहुल गांधी ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है।' संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा 'आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया। इसलिए, हम उन्हें याद करते हैं और उनके विचारों और संविधान की रक्षा करते हैं। हर भारतीय का संविधान खतरे में है। हम इसकी रक्षा करते हैं, नागरिक इसकी रक्षा करते हैं।'

# जल, जंगल, जमीन से जुड़कर पर्यावरण को करना होगा संरक्षित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



शिवरामपुर कस्बा स्थित श्री नागेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कानपुर प्रांत के तत्वाधान में एस.आई.पी. का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले 50 विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की वंदना एवं आरती कर की गई। जिसके प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य राज नारायण ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। ताकि विद्यार्थी जल, जंगल, जमीन और जानवर के साथ जुड़कर के पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। साथ ही उन्हें पेड़, पानी और पॉलिथीन से संबंधित बातें भी बताई गई। बताया कि किस प्रकार से पेड़ मानव जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण अवयव है। अगर पेड़-पौधे इस धरती से समाप्त हो जाएंगे, तो मानव जीवन भी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। कहा कि छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से हम पेड़-पौधों का संरक्षण कर सकते हैं। बताया कि उत्सव वाटिका के माध्यम से पेड़-पौधों को संरक्षित किया जा सकता है। बताया इसके तहत किसी भी उत्सव के दिन एक पौधे को रोपित कर उसका तब तक पालन पोषण करें, जब तक कि वह स्वयं से अपना पालन-पोषण करने में सक्षम नहीं हो जाता। इसी क्रम में जल के महत्व तथा जल संरक्षण तथा पॉलिथीन से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत एस.आई.पी. कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से विद्यार्थी विद्यालय स्तर के बाद जिले स्तर तथा आगामी स्तरों तक जाकर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के लिए अपने विचारों एवं नवाचारों को समाज के सामने रख सकते है। इस दौरान विभिन्न विद्यार्थियों ने एस.आई.पी. के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला संयोजक राजेश पांडेय के पास पंजीकरण भी कराया। कराया।

विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए रेणुका देवी की कहानी भी सुनाई। जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार से चिपको आंदोलन वृक्ष एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था तथा वृक्षों को बचाने के लिए कितने लोगों ने अपनी जान गवाई थी। इस दौरान आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधे भी रोपित किए गए। जिनकी देखभाल व पालन-पोषण की जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने ली। इस मौके पर डॉ श्रीकांत, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप भगवान दीन आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं के लाभ के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक करें आवेदन: आरके

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने के लिये श्रमिकों का निर्माण श्रमिकों के रूप में पंजीयन होना एवं पूर्व से पंजीकृत श्रमिकों का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण एवं नवीनीकरण के श्रमिक किसी भी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही बताया कि पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें पुत्री के जन्म होने पर मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना का लाभ मिला है, वह सभी लाभार्थी श्रमिक पंजाब नेशनल बैंक कर्वी में अपना बचत खाता खुलवाकर श्रम कार्यालय को विवरण उपलब्ध कराएं ताकि उनकी पुत्रियों के लिए देय 25,000 रुपये की एफडी बनवायी जा सके।

बताया कि श्रमिक जनसेवा केन्द्र के माध्यम से या स्वयं से बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण व नवीनीकरण करा सकते है। बताया कि बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कन्या विवाह सहायता योजना में भी संशोधन किया गया है। जिसके तहत अब पंजीकृत निर्माण श्रमिक को अपनी पुत्री के विवाह सम्पन्न होने के छः माह के अन्दर समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित बोर्ड की वेबसाईट में आवेदन करना होगा। जिसमें सभी सम्बन्धित अभिलेखों का संलग्न होना आवश्यक है। आवेदन के बाद श्रमिक के पुत्री अथवा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के स्वंय के विवाह के लिए 65000 रु की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में तथा अन्तर्जातीय विवाह के लिए 75000 रु की धनराशि एवं सामूहिक विवाह की स्थिति में न्यूनतम 11 जोडो का विवाह एक साथ एक स्थल पर आयोजित होने की दशा में पुत्री विवाह के लिए 85000 रु की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता के रूप प्रदान किये जान का प्रावधान हैं। बताया कि जनपद में जनवरी, फरवरी में सामूहिक विवाह का आयोजन होना प्रस्तावित है। जिसके लिए पात्र निर्माण श्रमिक सामूहिक विवाह में शादी के लिए आवेदन कर सकते है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक का पंजीकरण कम से कम एक वर्ष पुराना होना चाहिए तथा आवेदन के समय उसका नवीनीकरण भी हुआ होना चाहिए। इसके अलावा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों अध्ययनरत बच्चों को संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता के अन्तर्गत आगामी 31 दिसम्बर तक आवेदन कराने पर पढ़ने की कक्षा के अनुसार एक निश्चित धनराशि (2,500 रुपये से लेकर आगे की कक्षाओं के अनुसार) दिये जाने का प्राविधान किया गया है। बताया कि आवेदक द्वारा तथ्यों को छिपाकर या कूटरमित दस्तावेजों के आधार पर योजना का लाभ प्राप्त करने पर दी गयी धनराशि की वसूली भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूली प्रमाण पत्र जारी करके की जायेगी। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराकर बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं लाभ लें।

# तहसील समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील मऊ के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त कुल 102 प्रार्थना पत्रों में से सात का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि बिजली, भूमि विवाद, नाला निर्माण, फसल क्षतिपूर्ति तथा चकबंदी संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। स्पष्ट किया कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है तथा ऐसे में किसी भी प्रार्थना पत्र को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने एस.आई.आर. के तहत किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों शिक्षकों में प्राथमिक विद्यालय मनकुंवर के राकेश कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय कलारन पुरवा मजरा चकौर के धर्मेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय गाहूर के पंकज कुमार, कंपोजिट विद्यालय रानीपुर कल्याणगढ़ के सत्य प्रकाश त्रिपाठी व उच्च प्राथमिक विद्यालय रूपौली के सुजीत कुमार शुक्ला शामिल रहे।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मऊ रामऋषि रमन, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, परियोजना निदेशक सतपाल यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में 250 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने पाया कि जननी सुरक्षा वार्ड में 05 प्रसूता लाभार्थी तथा एनबीएसयू वार्ड में 01 मरीज भर्ती था। यहां अधीक्षक डॉ हारून अपने फार्मासिस्ट, वार्ड व्याय एवं अन्य कर्मियों सहित उपस्थित पाए गए तथा डॉ अनीता सिंह एव एक स्वच्छक अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने जेएसवाई वार्ड, स्टालेशन, एक्स-रे एवं पैथोलाजी कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। पाया कि केन्द्र में औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने सीएचसी के बरामदे में लगाये गये बेड़ को हटाने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर सही कराने के लिए अधीक्षक को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड में मिली कमियों जैसे टूटी हुई खिडकी, बेड तथा अन्य आवश्यक चीजों की मरम्मत कराने तथा वार्ड में बेकार पड़ी हुए सामग्री को कंडम कराने की कार्यवाही कराने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान सीएमओ ने टीका उत्सव की समस्त गतिविधियों को यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित कराने तथा पूर्व में पंजीकृत सभी बच्चों का टीकाकरण की जानकारी को दर्ज करने के निर्देश दिए। कहा कि टीका उत्सव के दौरान अपंजीकृत बच्चों को पंजीकृत करते हुए उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराएं एवं सत्र के दौरान ही उसका डाटा उसे यू-विन पोर्टल में फीड किया जाए। कहा कि टीका उत्सव के दौरान हुए टीकाकरण की समीक्षा यू-विन पोर्टल की रिपोर्ट के आधार पर नियमित रूप में करायी जाये। साथ ही टीका उत्सव की समस्त रिपोर्ट एच.एम.आई.एस. पोर्टल पर अंकित की जाये।

# चित्रकूट चैलेंज कप के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में मैहर ने बांदा को 80 रनों से हराया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में चल रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच शनिवार को मध्य प्रदेश की मैहर ने उत्तर प्रदेश की बांदा के बीच हुआ। जिसमें मैहर ने बांदा को 60 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का शुभारंभ डीआरआई के जन शिक्षण संस्थान निदेशक अनिल सिंह तथा वरिष्ठ क्रिकेटर सौरभ त्रिपाठी व अश्विनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आकर्ष के 55 गेंदों में बनाए गए शानदार 106, दानिश के 32 एवं रजनीश के 19 रनों के योगदान से चार विकेट खोकर 200 रनों का विशाल स्कोर बनाया। बांदा की ओर से मानस को दो एवं शशांक एवं अनुज को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में बांदा की टीम रवि कुमार के 30 एवं शशांक लटोरिया सहित अन्य खिलाडियों के रनों की संघर्षशील पारी के बावजूद 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 140 रन ही बना सकी। आकर्ष सिंह को चार जबकि अनिल को दो सफलताएं प्राप्त हुई। मैच में शानदार शतक के साथ चार विकेट प्राप्त करने वाले मैहर के आकर्ष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर प्रवीण तिवारी व राहुल धुरिया, कमेंटेटर सर्वेश निगम व संतोष धुरिया तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इसी क्रम में रविवार को सद्भावना मैच जिलाधिकारी एकादशएवं नागरिक एकादश के मध्य खेला जाएगा।

# एडीएम व एसडीएम ने लिया डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार यादव व राजापुर उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने शनिवार को नगर पंचायत राजापुर के वार्ड नंबर छह रानी लक्ष्मी बाई नगर स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण व सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान फटका मशीन का बेल्ट जाम पाया गया, जिसे सही कराने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा कंपोस्टिंग वेस्ट का खाद टेस्टिंग के लिए लैब भेज कर उसका मानक के अनुरूप विक्रय कर निकाय की आय बढ़ाने के लिए बताया गया। साथ ही सेकेंडरी स्टोरेज के लिए जमीन चिन्हीकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, टेक्निकल असिस्टेंट शिव विजय सिंह, सफाई नायक पुट्टी लाल, नाजिर आदि मौजूद रहे।

# एक्सपोजन विजिट का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने शनिवार को एक्सपोजर विजिट को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट में 50 दिव्यांग बच्चों सहित 12 स्पेशल एजुकेटर्स एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुंदर धारकुंडी आश्रम एवं तुलसी जल प्रपात ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया।

# भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आयोजित हुआ वार्षिक खेल महोत्सव 2025

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में दिनांक 04 दिसंबर से 06 दिसंबर तक तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन,टीम भावना और खेल कौशल को उजागर करने का एक सुनहरा अवसर है।

प्रतियोगिता में तीन वर्गों के छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं÷

सब-जूनियर (कक्षा 3 से 5),जूनियर (कक्षा 6 से 8),सीनियर (कक्षा 9 से 12),प्रारंभिक दिवस 04 दिसंबर

खेल महोत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना (7 मिनट) ,स्वागत गीत (4 मिनट)और बैंड के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत करके किया जाएगा।मुख्य अतिथि उदय वीर सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (ऋज्ञ्ह)राज कुमार गुप्ता,?विशिष्ट अतिथि राम लखन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,विशिष्ट अतिथि सुशील मिश्रा एवं कुलदीप साहू सीनियर मैनेजर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, डॉ0 अनुराधा रंजन मिश्रा रिटायर्ड हेड डिपार्टमेंट जूलॉजी पंडित जे0 एन0 कॉलेज,अवधेश गुप्ता सीनियर डिस्ट्रीब्यूटर म्यूच्यूअल फंड्स,राम लखन कुशवाहा (पूर्व आर्यावर्त बैंक प्रबंधक),अध्यक्ष शिव शरण कुशवाहा ने अपने प्रेरणादायक उद्गार में कहा ÷खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं।बीपीएमए शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है।विद्यार्थी चार सदनों भूमि, पृथ्वी, मृत्तिका एवं अवनि के अंतर्गत प्रतिभाग कर रहे हैं, और खेलों की गरिमा को सजीव बना रहे हैं।समस्त कार्यक्रम निर्देशिका संध्या कुशवाहा, प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार , शैक्षणिक निर्देशिका मति वृंदा विजय जिनराल तथा खेल शिक्षकों मान वेद प्रकाश, मान तौफ़ीक़, मान उदय, खुशी, रितु के निर्देशन में संपन्न हो रहा है, जिसमें उत्कृष्ट समन्वय और पूर्ण अनुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन कविता वर्मा ने किया।

# राज्यमंत्री ने पांच सैकड़ा गरीबों को बांटे कंबल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने पैलानी तहसील में सर्दी से बचाव हेतु गरीब व असहाय लोगों को 500 कम्बलों का वितरण जिलाधिकारी जे0 रीभा के साथ किया।इस अवसर पर मंत्री ने तहसील परिसर में महर्षि वेदव्यास के शिष्य महर्षि पैल की मूर्ति एवं ओपेन जिम पार्क का अनावरण किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों,निराश्रितों को सहायता पहुंचाने हेतु आज तहसील पैलानी के विभिन्न गॉवों पैलानी,पैलानी डेरा,नरी,सिंधनकला,तगडा डेरा, लसडा, पिपरहरी,गुरगवां,शंकर पुरवा,भाथा,नांदादेव,गुगौली,पलरा,जसपुरा आदि ग्रामों के गरीब परिवारों के चिन्हित विभिन्न लाभार्थियों को 500 कम्बलों का वितरण किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण की योजनाओं को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जमीनी स्तर पर लोगों को लभान्वित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र महर्षि वेद व्यास की जन्म स्थली रहा है,जहां पर अनेक ऋषियों ने तप किया है। उन्ही के शिष्य महर्षि पैल के नाम पर ग्राम पैलानी एवं तहसील पैलानी का नामांकरण किया गया है।इस परिसर में महर्षि पैल का उन्होंने पूजन अर्चन के साथ मूर्ति का अनावरण तथा ओपेन जिम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं निराश्रित लोगों को शीत ऋतु में सर्दी से बचाव हेतु सरकार द्वारा जनपद की तहसील पैलानी में कम्बलों का वितरण किया गया है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अंकित कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं तहसीलदार पैलानी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना पैलानी का किया वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 06दिसम्बर दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना पैलानी का किया गया वार्षिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों,मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार,आपात स्थिति से निपटने वाले उपकरणों व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।प्रभारी निरीक्षक पैलानी से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे।सभी कर्मचारियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी व रख- रखाव की भी समीक्षा की गई।मिशन शक्ति के क्रम में महोदय द्वारा गहन समीक्षा करते हुए महिलाओं/छात्राओं के साथ पुलिस के समन्वय स्थापित करने को भी कहा गया।साथ ही मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई।इस दौरान व्यापक स्तर पर स्कूलों,कॉलेजों,बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए।इसी क्रम में आपात स्थिति से निपटने हेतु डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट,शील्ड आदि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता,स्थिति व उपयोगिता की गहनता से जानकारी ली गई।इस दौरान आरक्षीगणों के रहने वाले स्थान की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता आदि सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि थाना परिसर में वर्षों से खड़ी निष्प्रयोज्य वाहनों के निस्तारण की कार्यवाही पर भी जोर दिया जाये।अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके।लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय,अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष,महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया।प्रभारी निरीक्षक पैलानी को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर,थाना प्रभारी पैलानी राजेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## जानबूझ कर सख्त चोट पहुंचाने वाले दो गुनाहगारों को छे–छे महीने की सजा के साथ ही हुआ दो हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** राठ कस्बे में 18 जून 2015 को जान से मारने की नियत से पीड़ित पर तमंचे से फायर करने के साथ ही गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने की वारदात को अंजाम देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर राठ पुलिस ने राठ कस्बे के सिकंदरापुरा निवासी मुन्नू पुत्र कल्लू जबकि सन्तोष पुत्र ओम प्रकाश यादव के खिलाफ मु0अ0सं0-937/2015 धारा- 307,504 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर जिला और सत्र अदालत ने मुन्नू और.सन्तोष को धारा 307 आईपीसी के जगह पर धारा-323 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये 6 महीने की सजा के साथ ही एक-एक हजार रुपये का किया जुर्माना। जबकि मामले की जांच तत्कालीन एस आई दलबीर सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी।

# शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से हो निस्तारण: जे. रिभा जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील पैलानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से कराया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत,राजस्व,पुलिस,विकास,आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम सिंधनकला के एक फरियादी द्वारा जमीन पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये। ग्राम अतरहट के एक फरियादी द्वारा चकरोड पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल को कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम सिंधनकला की विनीता द्वारा शिकायत उसके पति द्वारा मारपीट व घर से निकालने पर जिलाधिकारी ने एसएचओ पैलानी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नरहीबांगर में चकबन्दी के पश्चात कब्जा दिलाये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर सीओ चकबन्दी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।एक फरियादी द्वारा शौचालय बनाये जाने हेतु बीडीओ जसपुरा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।कई फरियादियों द्वारा राशन कार्ड बनाये जाने के प्रार्थना पत्र पर जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# 'ऑपरेशन शिकंजा' एक हजार से ज्यादा मुकदमों में फर्जी जमानत ले चुका फर्जी जमादार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उ0प्र0 शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे ÷ऑपरेशन शिकंजा÷ के क्रम में दिनांक 06दिसम्बर को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस0 के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि दिनांक 12नवम्बर को थाना तिन्दवारी पर कार्यरत उप निरीक्षक शिवकरन सिंह द्वारा फर्जी जमानत लेने के सम्बन्ध में अभियुक्त बलवीर, दिनांक 13नवम्बर को थाना स्थानीय पर कार्यरत उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा फर्जी खसरा खतौनी देकर जमानत लेने के सम्बन्ध में अभियुक्त शिवस्वरुप व 20नवम्बर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के रहने वाले श्री राम सिंह ने थाना स्थानीय दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के अभियुक्त की न्यायालय में जमानत ली गई है।इस संबन्ध में थाना तिन्दवारी पर क्रमश÷ मु0अ0सं0 274/25,280/25 व 285/25 पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों,अभिसूचना संकलन,अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर मुख्य अभियुक्त शिवस्वरुप उर्फ मास्टर को इन्द्रा नगर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि अभी तक मेरे द्वारा फर्जी व कूटरचित तरीके से खसरा-खतौनी, आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर लगभग 01 हजार से अधिक मुकदमों में जमानत ली गई है। साथ ही बताया कि मै और मेरे साथियों द्वारा फर्जी परिपत्र लगाकर जनपद सहित अन्य कई जनपदों में भी जमानत ली गई है।गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है व अन्य वांछितअभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।गिरफ्तार शातिर आरोपी-शिवस्वरुप उर्फ मास्टर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम भिंडौरा थाना तिन्दवारी गिरफ्तार करने वाली टीम-दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी तिन्दवारी,उप निरीक्षक शिवकरन सिंह,उप निरीक्षक दिनेश सिंह,उप निरीक्षक राम आधार रावत,हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स...**
इंडिगो संकट को लेकर सरकार अब सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सरकार ने...
▶ पढ़ें पेज 12 पर...

# अब छत्र के नीचे रहेंगी बाबा साहब आंबेडकर की मूर्तियां: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को बड़ी घोषणा की। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि अक्सर कुछ शरारती तत्व बाबा साहब की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश करते हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय देने के लिए हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार इन कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। जीरो पॉवर्टी अभियान भी उसी का हिस्सा है। अभी भी जो वंचित हैं और सुविधा का लाभ नहीं पा सके, उनके लिए कार्य हो रहे हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति, अति पिछड़ी जातियों के गरीबों को चिह्नित करने का काम लगभग फाइनल हो गया है। किसी के राशन, पेंशन कार्ड बन रहे तो किसी को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिनके पास आवास व आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उन्हें आवास व पांच लाख रुपये के आयुष्मान की सुविधा भी दिलाएंगे।



### तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल देश के लिए हितकर नहीं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के एक बड़े नेता का जिक्र करते हुए कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इंकार कर दिया था। तब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरुशलम में मरूं। तब बाबा साहब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं। देशवासियों को उनकी सुविधाओं से वंचित करने की कुत्सित चेष्टा भी कर रहे हैं।

### बाबा साहब की शिक्षाओं के लिए चल रहा अभियान

योगी ने कहा कि बाबा साहब की शिक्षाओं से प्रेरित होकर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर अभियान चल रहा है। बाबा साहब के बनाए संविधान की प्रस्तावना में तीन महत्वपूर्ण शब्द न्याय, समता और बंधुता रखे थे। पीएम मोदी ने सबका साथ, सबके विकास के भाव के साथ योजनाओं का लाभ पहुंचाया। पंचतीर्थ निर्माण, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी, दलित जाति के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति समेत अन्य सुविधाएं भी इसी सोच का हिस्सा है। हर मलिन, दलित, अनुसूचित जाति- जनजाति बस्तियों को बेहतर कनेक्टिविटी दे रहे हैं। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

## जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते बीकेटी क्षेत्र में धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान न तौलें जानें की शिकायत, कारवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के विकास खंड बख्शी का तालाब लखनऊ में किसानों द्वारा धान की खेती प्रमुखता से की जाती है। किसानों की जीविका का मुख्य साधन अन्य फसलों के साथ-साथ धान की फसल भी है। किसानों की धान खरीद की समस्या को देखते हुए लोकप्रिय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खाद्य विभाग व पी0सी0एफ0 धान क्रय केंद्र विकास खंड बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ में स्थापित किए गए थे परंतु अधिकारियों के लापरवाही व किसानों के प्रति असंवेदनशील होने के चलते धान क्रय केंद्र मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं। रामप्रकाश सिंह ने बताया कि खाद्य विभाग के क्रय केंद्र इटौंजा भीखमपुर, महिगवां व अस्ती में खरीदा गया धान काफी समय से क्रय केंद्रों पर ही डंप हो गया है। जिसके चलते इनका क्रय केंद्रों पर विगत कई दिनों से धान की खरीदारी नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त पीएसी के धान क्रय केंद्र सिंघामऊ, पहाड़पुर व दौलतपुर में धान क्रय केंद्र प्रभारी किसानों का धान न खरीद कर व्यापारियों का धान खरीद रहे हैं। किसानों को धान खरीदने की तारीख देकर धान क्रय केंद्र प्रभारी नियत तिथि पर धान क्रय केंद्रों पर उपस्थित नहीं होते हैं। इस स्थिति में किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। राम प्रकाश सिंह ने बताया कि एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों का धान खरीदने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है, इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही और अधिकारियों द्वारा धान खरीद में की जा रही लापरवाही को देखकर ऐसा लगता है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने किसानों के मध्य लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने का एक अभियान चला रखा है। राम प्रकाश सिंह ने कहा कि धान ना बिकने के कारण किसानों के सामने रबी की फसल में खाद पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रदेश का किसान मुख्यमंत्री की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है। रामप्रकाश सिंह ने कहा कि विकास खंड बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ में किसानों का धान क्रय केंद्रों पर खरीदवाने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित करने व धान खरीदने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराने की कृपा करें।

## लखनऊ बीकेटी राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय साढ़ामऊ, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने से हर महीने 30 हजार यूनिट बिजली बन रहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय साढ़ामऊ, सीतापुर रोड लखनऊ में सोलर प्लांट स्थापित हो चुका हैं। हर महीने करीब 30 हजार यूनिट बिजली का निर्माण हो रहा है। इससे कई चिकित्सीय उपकरणों का भी संचालन हो रहा है। राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 156 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। ओपीडी में प्रतिदिन करीब 1000 तक मरीज आ रहे हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। हॉस्पिटल को सोलर प्लांट से लैस किया गया है। हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशालय और ओसीएम पावर प्राइवेट लिमिटेड के बीच करार हुआ है। इसके तहत प्रदेश के 103 चिकित्सालयों में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर प्लांट से लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 280 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। जो कि ट्रायल पर चल रहा है। कम्पनी प्रतिनिधि सीनियर वाइस प्रेसीडेंट अरूण सिंह ने बताया कि सरकार से अनुबन्ध के अनुसार सोलर प्लांट लगाए जा रहे हें। कंपनी सोलर प्लांट की 25 वर्ष देख भाल करेगा। जिसके कम में उत्पादन होने वाले विद्युत का प्रति युनिट 4.85 पैसे के दर से सरकार द्वारा भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी धनराशि सरकार से नहीं ली जाएगी। न ही अन्य कोई खर्च है। डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल में सोलर प्लांट से हर महीने 30 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। हॉस्पिटल के बिजली बिल में करीब एक लाख रुपये की बचत हो रही है। सोलर प्लांट की वजह से 104 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हो रही है। जिससे पर्यावरण को काफी फायदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई उपकरण भी सोलर प्लांट से तैयार बिजली से चल रहे हैं।

## बिजली निजीकरण: टोरंट पॉवर ने बिल राहत योजना लागू करने से किया मना, कहा, प्रतिपूर्ति का विकल्प हो तो बताएं



### निजी कंपनियों की हकीकत आई सामने-संघर्ष समिति

संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली बिल राहत योजना 2025 को लागू करने में टोरंट पॉवर कंपनी का यह रवैया उपभोक्ताओं के लिए बहुत ही घातक है। इससे उपभोक्ताओं के प्रति निजी कंपनियों का रवैया स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसे में निजीकरण प्रस्ताव का विरोध तेज किया जाएगा, क्योंकि टोरंट के जरिये निजी कंपनियों की हकीकत सामने आ चुकी है।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लागू की गई बिजली राहत योजना को आगरा में टोरंट पॉवर लागू नहीं कर रही है। उसने पत्र भेजकर असमर्थता जताई है। प्रतिपूर्ति का विकल्प पूछा है। ऐसे में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष ने शुक्रवार को निजीकरण प्रस्ताव के साथ ही टोरंट का करार भी रद्द करने की मांग की है। कंपनी के उपाध्यक्ष संजय कुमार ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से भेजे गए पत्र में कहा कि टोरंट पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए व्यापक प्रयास करना जारी रखे हुए है। बिना किसी स्पष्ट प्रतिपूर्ति तंत्र के ऐसी छूट हमारे लिए वित्तीय रूप से संभव नहीं है।

### कंपनी ने कहा, प्रतिपूर्ति अनुमन्य है तो बताएं

टोरंट ने पत्र में यह भी कहा है कि स्पष्ट करें कि क्या टोरंट पॉवर को माफ की गई राशि के लिए प्रतिपूर्ति मिलेगी। यदि प्रतिपूर्ति अनुमन्य है, तो उसको दावा करने की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। चूंकि यह योजना एक दिसंबर से प्रभावी हो रही है, इसलिए शीघ्र उत्तर दें। इसकी जानकारी मिलते ही शुक्रवार को संघर्ष समिति ने निजीकरण के साथ ही टोरंट का भी विरोध शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर टोरंट पॉवर से हुए करार को रद्द करने की मांग की है।

## आम के बाग में फांसी के फंदे पे लटका मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आम के बगीचे में युवक का शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और घटना की जांच में जुट गई है। बताते चले कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो गांव निवासी सुभाष कुमार पुत्र रजय पाल जो डाला चला कर अपने परिवार के भरण पोषण में पिता की मदद करता था शुक्रवार शाम वोट डाला लेकर भाड़ा उठाने की बात कह कर घर से निकला था शनिवार को सुबह गांव के बाहर कुलदीप सिंह के आम के बाग में ग्रामीणों ने एक युवक को फांसी के फंदे से लड़ता हुआ देखा पास गए तो देखा वह शो सुभाष कुमार का था ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर मकर पर पहुंचे परिजन बेटे को फांसी के फंदे पर झूलता देख दंग रह गए धीरे-धीरे वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई परिजनों की सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया।

## जलवायु परिवर्तन से बड़े शहरों में बढ़ीं चुनौतियां: दयाशंकर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनवायरनमेंट एंड सोसाइटी आईसीईएस 2025 की 7वीं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से शहरों में चुनौतियां बढ़ गई हैं। हमें पर्यावरण सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे। पिछले 200 साल के दौरान हुई औद्योगिक क्रांति की वजह से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव किए जा सकते हैं, इसलिए हमें अभी से उपाय करने होंगे। डीजल बसों से पर्यावरण को काफी अधिक नुकसान होता है। उन्होंने अपने विभाग में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया। लखनऊ में पर्यावरण के स्तर में सुधार के पीछे इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ना बड़ी वजह है।15 शहरों में ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होता था। अब इनकी संख्या बढ़कर 43 हो गई है।कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर पूरे विश्व में आम सहमति बनाना जरूरी है। कुलपति ने पूरी दुनिया से सेमिनार में शामिल होने आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। लोकसेवा आयोग के सदस्य एके वर्मा ने कहा कि पर्यावरण जैसे मुद्दे हमें वैश्विक सोच रखनी होगी। रष्ट्रीय स्तर पर नीति बनानी होगी, स्थानीय स्तर पर काम करना होगा और व्यक्तिगत स्तर पर जागरुकता फैलानी होगी। ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण मानवता के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन की ओर से संस्था के संस्थापक रामकुमार वर्मा की याद में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड की शुरुआत की गई। इस साल अवार्ड डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार को दिया गया। परिवहन मंत्री को अमेरिकन यूनिवर्सिटी की ओर से मानद उपाधि प्रदान की गई।अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी, रैले के समुद्री, पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान विभाग के प्रो. विनय पी अनेजा ने कहा कि कृषि में इस्तेमाल होने वाली उर्वरक का सिर्फ 30 फीसदी हिस्सा ही पौधे को मिलता है। वहीं 70 फीसदी हिस्सा बर्बाद हो जाता है। इसकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। रीएक्टिव नाइट्रोजन एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। नाइट्रोजन पृथ्वी के वायुमंडल में 78 फीसदी पाया जाता है। उच्च तापमान और दबाव पर नाइट्रोजन गैस को हाइड्रोजन गैस के साथ उत्प्रेरक की उपस्थिति में अभिकृत करके अमोनिया बनाया जाता है। यही अमोनिया उर्वरक का आधार होती है। उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरक का काफी इस्तेमाल होता है। इसकी वजह से वातावरण से नाइट्रोजन भी कम हो रहा है। नाइट्रोजन की कमी पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है।

## उप मुख्यमंत्री पहुंचे मिर्जापुर,की विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- मॉ विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियो के सर्व कल्याण हेतु की कामना

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने मिर्जापुर भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो व कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने जनपद के चतुर्मुखी विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली, जनता की समस्याओ का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो तक पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने एसआईआर कार्यो की प्रगति की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र गरीब व्यक्तियो तक समय से पहुंचाए। उन्होंने हर घर नल से जल योजना में गति देने का भी निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि अवैध रूप से जमीनो, पोखरो आदि कब्जा धारको के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि महिला से सम्बन्धित अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी-कड़ी से सजा दी जाए ताकि पुनः महिलाओं के साथ अपराध करने की हिम्मत न हो सके। गांव में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिको मजदूरो का भुगतान समय से कर दिया जाए। ग्राम पंचायतो में लगने वाले ग्राम चौपालो में अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी जाए तथा उसका त्वरित निस्तारण भी किया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान व झोपड़ी मे न रहने पाए पूरी पारदर्शिता के साथ चिन्हित करते हुए आवास उपलब्ध कराया जाए। निराश्रित महिलाओं विधवा, दिव्यांग जन जो पात्र हो उन्हें प्राथमिकता पर आवास उपलब्ध कराया जाए। उप मुख्यमंत्री ने बैठक मे जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति नागरिक मतदाता सूची से छूटने न पाए। पूरी पारदर्शिता के साथ शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जाए। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एसआईआर की प्रगति की जानकारी लेते हुए बताया कि जनपद में 98.2 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है शेष कार्य समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। अधिकारियों को लगाया गया है तो बीएलओ से भी मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करा रहे है। उप मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी से समस्त देश व प्रदेशवासियो का सर्व कल्याण की कामना की।

## राजकीय आईटीआई अलीगंज में लगा रोजगार मेला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 33 प्रतिष्ठित कम्पनियों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया था।प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कम्पनियों को शामिल किया गया। मेला प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के क्रियान्वयन को गति देने और प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खाँ ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में 605 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 476 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 रुपये से 27,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उच्च संख्या में चयन इस मेले की सफलता को दर्शाता है।रोजगार मेले को सफल बनाने में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का विशेष योगदान रहा, जिनके सहयोग से अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुगम और प्रभावी बनी।

## तहसील समाधान दिवस में उठा जन्म प्रमाण पत्र में हीला-हवाली और जर्जर रास्तों का मुद्दा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



**मलिहाबाद।** तहसील समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील क्षेत्र से अवैध कब्जों, जर्जर रास्तों, और राशन कार्ड से जुड़ी अनेक शिकायतें आई, लेकिन सबसे ज़्यादा परेशानी लोगों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही हीला-हवाली को लेकर थी।

कस्बा निवासी यूसुफ खान ने बताया जल जीवन मिशन के अंतर्गत कस्बे में पाइप लाइन डाली गई थी महीनों बीत गए लेकिन रास्ते अब तक सही नही हो सके चौधराना पकरिया से इस्माइल मंजिल होते हुए मोहान मार्ग तक और क्लासिक स्कूल से एक मिनारा पुलिया तक सड़कों पर गिट्टिया डाले लगभग दो महीने से ज्यादा समय हो गया है। सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ है कार्य के स्थान पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है कि कार्य कब शुरू हुआ और कार्य कब पूरा होगा लोगों को आने-जाने में परेशानी है। धूल भी उड़ रही है जो लोगों को बीमार कर सकती है। सहिलामऊ निवासी कामिल ने बताया उन्होंने बताया कि उन्होंने 15 अक्टूबर को जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है जबकि आमजन भी प्रमाण पत्र बनवाने में विभाग की मनमानी से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में अक्सर एक से लेकर छह माह तक का लंबा समय लग जाता है जिससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

समाधान दिवस में एसडीएम अंकित कुमार, एसीपी सुजीत कुमार दुबे, तहसीलदार और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

## भारतीय डाक विभाग की युवाओं के लिए पहल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारतीय डाक विभाग ने आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जेन-जेड थीम आधारित डाकघरों के आरम्भ की पहल की है। देश के पहले जेन-जेड डाकघर के रूप में आईआईटी दिल्ली पोस्ट ऑफिस का गत माह शुभारंभ किया गया था। अब गुजरात में भी आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ऑफिस को जेन-जेड डाकघर के रूप में उद्घाटन किया गया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के दृष्टिकोण से निर्देशित इस पहल का उद्देश्य डाकघरों को जीवंत, विद्यार्थी-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-सक्षम स्थानों के रूप में फिर से परिकल्पित करना है, जो युवा नागरिकों के साथ प्रतिध्वनित हों। यह परिवर्तन राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है, जिसमें 15 दिसंबर तक शैक्षणिक परिसरों में स्थित देश के 46 डाकघरों के नवीनीकरण को शामिल किया गया है।गुजरात के प्रथम जेन-जेड नवीनीकृत आईआईटी गांधीनगर डाकघर का उद्घाटन गुजरात परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल गणेश वी. सावळेश्वरकर, आईआईटी गांधीनगर निदेशक प्रो. रजत मूना, पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव, महाप्रबंधक वित्त डॉ. राजीव कांडपाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल गणेश वी. सावळेश्वरकर ने कहा कि आईआईटी गांधीनगर डाकघर विशेष रूप से युवाओं की जरूरतों, उनकी रचनात्मकता, आधुनिक सोच और तकनीकी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

## किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें किसान: शाही

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- 12 से 29 दिसम्बर तक होंगी ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशालाएं

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे रबी सत्र 2025-26 के लिए किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाएं। कृषि विभाग द्वारा रबी सत्र 2025-26 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी किसान पाठशालाओं के आयोजन के सम्बन्ध में जनपदीय उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। गोष्ठियों,पाठशालाओं का आयोजन योजनाओं के कन्वर्जन्स से प्रस्तावित है, जिसमें आरकेवीवाई द मिलियन फार्मर्स स्कूल दलहन विकास की नवीन योजना तथा तिलहन विकास की राज्य पोषित योजना के प्रसार सम्बन्धी मदों का उपयोग किया जाएगा।

इस प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत, सबसे पहले मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 8 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। जनपद स्तरीय ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 10 दिसम्बर के मध्य होगा, ट्रेनर्स मूल्यांकन कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 दिसम्बर को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर दो दिवसीय गोष्ठियों पाठशालाओं का शुभारम्भ 12 दिसम्बर को होगा। ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों पाठशालाओं का आयोजन 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर की अवधि में अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्राथमिकता के आधार पर पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्राथमिक विद्यालयों का चयन करने का निर्देश दिया गया है। गोष्ठी आयोजन के उपरान्त फोटोग्राफ्स, कृषकों की उपस्थिति और उद्बोधन कराने वाले कृषकों का विवरण विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।

## शिवकालीन शस्त्रप्रदर्शन, देश की सुरक्षा पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से लेकर चौथी वैश्विक आर्थिक महाशक्ति तथा विविध तकनीकी क्षेत्रों में विश्वस्तरीय सफलता प्राप्त की है; किंतु हाल ही में दिल्ली में हुए बम विस्फोट एवं देशव्यापी फैले आतंकवादियों के जाल ने आंतरिक सुरक्षा को गंभीर संकट उत्पन्न किया है। देश-विरोधी विदेशी शक्तियां, डीप-स्टेट, विघटनकारी ताकतें, नक्सलवाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, हलाल जिहाद आदि विविध माध्यमों से भारत को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे समय में केवल दिखावटी धर्मनिरपेक्षता पर्याप्त नहीं, बल्कि भारतभूमि में पुनः प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज की क्षात्रतेज की नितांत आवश्यकता है। सनातन संस्था के रजत महोत्सव विश्वकल्याण के लिए कार्यरत सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत बालाजी आठवले के जन्मोत्सव अवसर पर गोवा में हुए प्रथम 'शंखनाद महोत्सव' में देशों के , से भी अधिक भक्तों ने सहभागिता की थी।

# डीएम की अध्यक्षता में तिलोई तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से अमेठी जनपद की चारों तहसीलों तिलोई,मुसाफिरखाना, गौरीगंज और अमेठी में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।तहसील तिलोई में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखें और प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।किसी भी स्तर पर हीलाहवाली मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को मौके पर सुना गया।पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिया।इस दौरान तिलोई में कुल 55 शिकायतें, जिनमें छह का मौके पर निस्तारण हुआ।तहसील मुसाफिरखाना में कुल 19शिकायतें, जिनमें चार का निस्तारण हुआ।गौरीगंजमें कुल 46 शिकायतें, जिनमें चार का निस्तारण हुआ।अमेठी में कुल 18 शिकायतें,जिनमें एक शिकायत का निस्तारण, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया।डीएम ने जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में जन समस्याएं सुनें और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह,प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र,उप जिलाधिकारी तिलोई,तहसीलदार तिलोई सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनता की शिकायतें, निस्तारण के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




तहसील बलरामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनमानस की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध प्लाटिंग पर विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न होने पाए, इसकी निगरानी अधिकारी नियमित रूप से करें।

तहसील तुलसीपुर एवं तहसील उतरौला में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें जनशिकायतों को सुना गया तथा निस्तारण की कार्रवाई की गई।

कार्यक्रम में एसडीएम बलरामपुर, सीओ बलरामपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को दिया गया चेक

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ मृतक के पति को 2 लाख का चेक दिया गया। इस योजना के तहत प्रचार प्रसार करने के लिए भी जागरूक किया गया।

महाराजगंज कस्बा के निवासी मदनलाल की पत्नी पुत्रावती का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा संचालित था। इलाज के दौरान तीन माह पहले उनकी मृत्यु हो गई। जिससे उनके नामनी मदनलाल को प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के तहत 2 लाख का सहायता राशि चेक ग्रामीण बैंक के माध्यम से दिया गया। इसी के माध्यम से अवगत भी कराया गया कि इस प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना के बारे में लोगों को प्रचार प्रसार करके जानकारी भी दें। जिससे ग्राहकों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अमन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकार उमाकांत मिश्रा, सूरज कौशल राहुल शुक्ला भी मौजूद रहे।

### शौच के लिए गई किशोरी से बदमाशों ने किया रेप की कोशिश

**अमेठी।** शुक्रवार देर शाम शौच के लिए गई एक नाबालिक किशोरी से अज्ञात बदमाशों ने रेप की कोशिश की। परिजन जब खोजते हुए मौके पर पहुंचे तो दोनों बदमाश किशोरी को अर्धनग्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए फिलहाल पुलिस ने छेड़खानी की घटना मानते हुए मुकदमा दर्ज करने में जुटी हुई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जामो थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां गांव की रहने वाली 14 वर्षीय एक किशोरी घर से 200 मीटर दूर नहर की तरफ शौच के लिए गई थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे दो अज्ञात बदमाशों ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। किशोरी ने जब चिल्लाना शुरू किया तो परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े जिसके बाद दोनों बदमाश लोगों को आता देख नहर में कूद कर फरार हो गए।परिजनों की माने तो घटना को अंजाम देने वाले दोनो बदमाश गांव या फिर आसपास के रहने वाले है। लेकिन अंधेरे के कारण वो पहचान में नही आये न ही बदमाशो के पास साइकिल या मोटरसाइकिल थी वो दोनो नहर में तैरते हुए फरार हो गए।

## पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पुरा छात्र सम्मेलन में शामिल हुई पूनम सिंह, छात्र जीवन को किया याद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रायबरेली में शनिवार को भव्य पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय की पूर्व छात्राओं को एक मंच पर एकत्र करना, उनकी उपलब्धियों को साझा करना तथा विद्यालय और समाज के विकास में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष, कमला फाउंडेशन रायबरेली एवं समाजसेवी पूनम सिंह ने विशेष सहभागिता की और विद्यालय पहुंचकर अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया। पूनम सिंह ने कहा कि यह वही विद्यालय है, जहां से उनके जीवन की दिशा तय हुई। उन्होंने अपने गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि आज उनके व्यक्तित्व, सेवा भाव और सामाजिक चेतना के निर्माण में इस विद्यालय की अहम भूमिका रही है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व निभाने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। संगीत शिक्षिका आकांक्षा सिंह के निर्देशन में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सभी पूर्व छात्राओं को टीका एवं बैच अलंकरण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य और गीतों ने सभी का मन मोह लिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। सम्मेलन में नूपुर गुप्ता (कॉस्मेटोलॉजिस्ट), नेहा सिंह (प्रधानाचार्य, बालाजी पब्लिक स्कूल), करुणा (प्रधानाध्यापिका, यूपीएस नवाबगंज), अनुराधा मिश्रा (नगर पालिका रायबरेली), पूजा तिवारी व शेफाली सिंह (महिला कल्याण विभाग), रीना गौतम (खेल शिक्षिका), मीना सिंह (प्रधानाचार्य, जेपीएस पब्लिक स्कूल) सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूनम सिंह, अध्यक्ष कमला फाउंडेशन रायबरेली की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

### बालिकाओं को ''बाल विवाह मुक्त भारत'' कराने की दिलाई गई शपथ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के क्रम में पी0एम0 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए कराई गई। उप प्रधानाचार्या सुमन सिंह एवं स्मिता सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह द्वारा गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया एवं विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1098, 1090, 181, 1076 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर एनएसपीएस त्रिपुला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। छात्र देवेश शर्मा ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष,विचारधारा और समाज में समानता, शिक्षा एवं न्याय की स्थापना में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए विद्यार्थियों को भारत के संविधान, उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य प्रजापति ने समाज में बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर केवल व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से डॉ अम्बेडकर द्वारा बताये गए मार्गो ष् शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो ष् को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजयराज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकध्शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रायबरेली में दर्दनाक हादसा: दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है. शुक्रवार रात करीब 10 बजे रायबरेली-परसदेपुर मार्ग पर जगदीशपुर में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई. वहीं, इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान भदोखर के जरौला निवासी सतीश कुमार यादव (28 वर्ष), और चकरार निवासी दिनेश प्रताप सिंह(31वर्ष) रूप में हुई है. दोनों ही बाइक से अलग-अलग दिशा से आ रहे थे. इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई. इस हादसे में भुएमऊ निवासी धर्मराज यादव नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सदर विधायक ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विकासखंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र अंतर्गत कुबेर मति पाण्डे मेमोरियल इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पलटू राम ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जानकारी के अनुसार कुबेर मति पाण्डे मेमोरियल इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव के साथ मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया समझ में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक सदर पलटू राम द्वारा सम्मानित किया गया । समारोह में हाईस्कूल की नीलम जायसवाल प्रथम, अनुराग पटेल द्वितीय व कोमल चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इंटरमीडिएट के अमर गुप्ता प्रथम, प्रीति यादव द्वितीय तथा मोहिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर वर्ग में नीलम जायसवाल एवं उनकी टीम प्रथम, ध्रुवस्वामिनी एवं उनकी टीम को द्वितीय स्थान दिया गया । जूनियर वर्ग में विजयदीप, अंश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम को उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक प्रो. जनार्दन प्रसाद पांडे और प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों के पीछे शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनी ने समारोह को यादगार बना दिया । कार्यक्रम में अवनीन्द्र मिश्रा, चंद्र भान, संजय पांडे, संजीव, आदर्श, आरतीराम, राजकुमार, धर्मेंद्र, अशोक, प्रमील, अभिषेक, मीता देवी, सपना तिवारी, रंजना, मंजू, अंशु, मानशी, रजनी, सत्या, दिनेश, अभिषेक तिवारी, मनीषा, सुमन, व गौरा सहित सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस सामान्य ज्ञान (जी.के.) क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर को आयोजित प्रतियोगिता में सभी हाउस के (कक्षा 1 से कक्षा 6) विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज़ को चार वर्गों में विभाजित किया गया था। पहली प्रतियोगिता लैवेंडर हाउस और ट्यूलिप हाउस के मध्य हुआ जिसमें लैवेंडर हाउस ने ट्यूलिप हाउस को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी प्रतियोगिता लिली और ऑर्किड हाउस के मध्य हुआ जिसमें लिली हाउस ने बाजी मारी। अगले चरण में लिली और लैवेंडर हाउस के मध्य फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों हाउस में गजब की टक्कर देखने को मिली। अंत में कड़े मुकाबले के बाद लैवेंडर हाउस ने लिली हाउस को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। लिली हाउस को द्वितीय प्राप्त हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में इतिहास, विज्ञान, खेल, भूगोल तथा समसामयिक घटनाओं से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों ने शानदार ज्ञान और तेज़ी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षकों द्वारा किया गया और समन्वयक श्रीमती नीला घोष ने विजेता टीम के अनाबिया कलाम, शानवी, अहाना, दिव्यांशी, अथर्व, अन्वी, अहमद, शानवी सिंह, अविका श्रीवास्तव, सिद्धांत पाण्डेय, प्रिंस सागर, अब्बास मेहदी, आदविक श्रीवास्तव, अदिति गौतम, अपर्णा जायसवाल को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय समन्वयक ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में ज्ञानवृद्धि, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को सफल बनाने में लैवेंडर हाउस की इंचार्ज सुगंधा श्रीवास्तव, अनुप्रीत कौर, ज्योति सिंह एवं इकरा मुनीर, प्रगति सही, शाहीन खान, श्रुति गौतम (पीटीआई) का विशेष योगदान रहा।

### बाल विशिष्ट विधिक सेवा के लिए जनपद में गठित इकाई द्वारा बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गठित इकाई लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के अधीन इकाई के अध्यक्ष अनुपम शौर्य, अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारीध्सदस्य राजबहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जय सिंह यादव डिप्टी चीफलीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल, रायबरेली के द्वारा बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इकाई द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा इकाई को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इकाई के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## निबंध एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शनिवार को हाउस वाइस निबंध एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 6 दिसम्बर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य सैयद इकलाख हुसैन के नेतृत्व में उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी की संरक्षता में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी वर्ग कक्षा-नर्सरी से कक्षा-5 में निबंध लेखन व जूनियर वर्ग कक्षा-6 से कक्षा-8 में पत्र लेखन हाउस वाइस निबंध लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। प्राइमरी वर्ग की कक्षा अध्यापिका किरन मिश्रा, उर्वशी शुक्ला, नाजिया अंसारी व गरिमा मिश्रा की संरक्षता में सुभाष हाउस, टैगोर हाउस, गांधी हाउस एवं आजाद हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान कक्षा-नर्सरी से 5 के नन्हें-मुन्नें छात्र-छात्राओं ने सरल एवं भावनात्मक भाषा में अपने विचार लिखें एव बच्चों ने अपने-अपने विषयों पर सुंदर, प्रभावशाली तथा रचनात्मक निबंध प्रस्तुत किए। वहीं जूनियर वर्ग के कक्षा अध्यापकों में अभिषेक जायसवाल, उमेश तिवारी, विजय शंकर की संरक्षता में कक्षा- 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने पत्र लेखन में गहन सोच और प्रभावशाली शैली का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षकों ने न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि उन्हें बेहतर लेखन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया । प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी वर्ग में सुभाष हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय, आजाद हाउस तृतीय तथा गांधी हाउस चतुर्थ स्थान, प्राइमरी वर्ग में टैगोर हाउस प्रथम, गांधी हाउस द्वितीय, आजाद हाउस तृतीय तथा सुभाष हाउस ने चतुर्थ स्थान, जूनियर वर्ग में टैगोर प्रथम, आजाद द्वितीय, सुभाष तृतीय तथा गांधी हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी ने आनलाइन संदेश दिया कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और अभिव्यक्ति कौशल को मजबूत बनाती है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मक लेखन कौशल, भाषा दक्षता, अभिव्यक्ति क्षमता तथा चिंतन-शक्ति का विकास करना है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्या एवं उप प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों के लिए एक सीखने का अवसर बनी, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच भी मिला। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आत्म-विकास की दिशा की ओर प्रेरित करती है। विद्यालय परिवार का यह प्रयास सराहनीय है, जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव रखता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ऐसे करें नन्हे की देखभाल

नाजुक से हाथ-पांव, मासूम-सा चेहरा और कोमल सी काया..., ऐसे में नन्हे को गोद में उठाते हुए भी डर लगता है परंतु मां ही ऐसी है, जो बेझिझक बच्चे को अपनी गोद में उठा कर उसे दुलारती और उसकी देखभाल करती है। नाजुक-सी जान के आते ही मां के इतने काम बढ़ जाते हैं कि कई बार तो उसे समझ ही नहीं आता कि वास्तव में वह अपने बच्चे की देखभाल कैसे करे कि उसकी सेहत हर मौसम के हिसाब से सही रहे।



## हैल्दी मसाज

किसी भी नवजात शिशु को मसाज की बहुत आवश्यकता होती है जिससे कि उसकी बॉडी मजबूत तो बनेगी ही, साथ ही प्रॉपर शेप में भी आएगी। छोटे बच्चों की मसाज चेहरे से शुरू कर पांवों तक पहुंचनी चाहिए। बेहतर है कि उसकी मसाज देसी घी से की जाए। यदि अन्य तेल इस्तेमाल करना चाहती हैं तो वह तेज खुशबू वाला नहीं होना चाहिए।

## नहलाना है जरूरी

यूं तो छोटे बच्चे को रोज गुनगुने पानी से नहलाया जाए तो वह काफी एक्टिव फील करता है। इसके लिए पहले उसे गुनगुने दूध से नहलाएं और बाद में उसे बेबी शैंपू से नहला दें। बहुत छोटे बेबी के नहाने के पानी में बेबी लोशन या ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। जब मौसम अनुकूल न हो तो उसे हर रोज नहलाना भी जरूरी नहीं, गुनगुने पानी में टॉवल भिगो कर उसे स्पंज कर उसके कपड़े बदल दें। बच्चे की स्कैल्प पर जन्म के बाद एम्नियोटिक फ्लूइड के अंश लगे रह जाते हैं। इन्हें एक दिन में हटाने की कोशिश न करें। हर रोज बच्चे के सिर पर बेबी कोम को हल्के हाथों से फिराते हुए निकालें।

## नैपी नॉट

बच्चों के लिए डायपर खरीदते समय उसके वजन का ख्याल अवश्य रखें। ये उम्र की अपेक्षा उनके वजन को ध्यान में रख कर बनाए जाते हैं। डायपर को इस ढंग से बांधें कि उसकी स्किन पर रैशेज न पड़ें। इन्हें चेंज करते समय बच्चे के जननांग की विशेष रूप से सफाई करें।

## सॉफ्ट हों परिधान

नन्हे- मुन्नों को हर मौसम में सॉफ्ट परिधान ही चाहिएं। उनके कपड़ों की डिजाइनिंग ऐसी होनी चाहिए जिसमें नैपी चेंज करना आसान हो। लेस वाले परिधानों में जहां उसकी उंगलियां फंसने का डर रहता है, वहीं बटन या फूलों वाली ड्रैस उसे चुभ सकती है। ठंडे मौसम में उसे फुल बॉडी सूट तथा गर्मियों में उसे सूती कपड़े के झबले पहनाएं।

## जब रो उठे बच्चा

यूं तो बच्चों के रोने के कई कारण होते हैं। कई बार वह भूख लगने से रो सकता है, तो कभी उसे नींद आई होती है। कई बार उसकी नैपी गीली या गंदी हो जाने पर वह रोता है तो कभी थकान या दर्द की वजह से भी रो उठता है। इसके अलावा बच्चा अकेला होने पर डर कर भी रो उठता है। ऐसे में बच्चे को अपनी गोद में लेकर प्यार करें। आपके प्यार भरे स्पर्श से ही वह आश्वस्त हो जाता है कि कोई उसके पास है। यदि फिर भी बच्चे का रोना बंद न हो तो समझ जाएं कि उसे कोई तकलीफ है तथा उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।

## सोने की रूटीन

यूं तो नवजात शिशु का दिन सोते हुए तथा रात जागते हुए बीतती है, जिससे परिवार के किसी एक सदस्य को भी उसके साथ जागना पड़ता है। लगभग 3-4 माह बाद बच्चे की यह आदत ठीक होने लगती है। अक्सर बच्चे दूध पीते-पीते गहरी नींद सो जाते हैं। बच्चे का बिस्तर गुदगुदा और मुलायम होना चाहिए तथा उसके कमरे में शोर नहीं होना चाहिए।

## हैल्थ केयरिंग

बच्चे की हैल्थ से जुड़े हर प्रस्क्रिप्शन की फाइल बनाएं तथा उसका बर्थ सर्टीफिकेट भी उसमें रखें। पीडियाट्रीशियन के यहां से मिले वैक्सीन के कार्ड को भी इसी फाइल में संभाल कर रख दें। जन्म के बाद के उसके हर ट्रीटमैंट के पेपर इसी में होने चाहिएं और जब भी उसे हॉस्पिटल या नर्सिंग होम लेकर जाएं तो इस फाइल को भी साथ में ले जाएं।

## सॉलिड फूड

छः माह तक बच्चे को मां का दूध ही दें तथा उसके बाद डॉक्टर की सलाह पर उसे सॉलिड फूड देना आरंभ करें।

# स्टाइलिश बनाएं अपने बाथरूम को

बाथरूम घर के महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है, क्योंकि सुबह उठते ही सबसे पहले हम सब सीधे वहीं तो जाते हैं ताकि फ्रैश हो कर दिन भर के लिए तैयार हो सकें। बाथरूम में यदि करीने से सारी एक्सैसरीज रखी जाएं तो उसे खूबसूरत लुक दिया जा सकता है। आजकल बाजार में उपलब्ध विस्तृत रेंज आपके लिए बहुत सारे विकल्प प्रदान करती है, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि ये सारी वस्तुएं बाकी सजावट से मेल खाती हों।

## दर्पण

दर्पण के बिना बाथरूम अधूरा-सा लगता है, क्योंकि दर्पण किसी भी बाथरूम का एक अभिन्न अंग है और किसी छोटे से बाथरूम को भी यह बढ़ा कर दिखा सकता है। एक स्टाइलिश दर्पण किसी भी जगह को एक शानदार लुक और फील भी प्रदान करेगा। आप अपनी पसंद से डिजाइन और साइज चुन सकती हैं, हालांकि आजकल बड़े आकार के दर्पण लगाने का ट्रैंड है।

## नल

बाथरूम को स्टाइलिश लुक देते है खूबसूरत डिजाइन और रंगों वाले नल। इसलिए टाइल्स के रंग से मैच करते नल एवं शॉवर इसे खूबसूरती प्रदान करते हैं। खरीददारी करते समय इस बात का ध्यान रखें कि यदि आप के घर में बच्चे हैं तो ज्यादा कांप्लीकेटेड नल न लेकर साधारण नल ही लें।

## वाशबेसिन

किसी भी बाथरूम का एक अभिन्न हिस्सा उसका वाशबेसिन होता है। इसका रंग बाकी एक्सैसरीज से मेल खाता हो तथा यह सही आकार में होना चाहिए अर्थात यह न ज्यादा छोटा हो और न ही ज्यादा बड़ा, क्योंकि दोनों से ही परेशानी हो सकती है। आप दीवार पर टंगने वाला वाशबेसिन भी चुन सकती हैं या फिर यह स्वतंत्र रूप से खड़ा होने वाला हो।

## टायलैटरी होल्डर

साबुन ट्रे और टूथब्रश होल्डर बाथरूम में रखी जाने वाली महत्वपूर्ण और उपयोगी चीजें हैं। हालांकि ये चीजें बहुत छोटी और महत्वहीन लगती हैं, लेकिन इनके बिना निश्चित रूप से आपका बाथरूम अधूरा लगेगा। इसके अलावा आज रंगों और पैटर्न की बड़ी रेंज उपलब्ध होने से ये अद्भुत रूप से बाथरूम का केंद्र बिंदु बन सकते हैं। केवल यह सुनिश्चित करें कि ये बाकी की सजावट और रंगों से मेल खाते हों।



## टायलैट रोल स्टैंड

यह आपको किसी महत्वहीन एक्सैसरी की तरह लग सकता है, लेकिन यकीनन यह सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली चीज है। गीली टॉयलैट सीट या फिर धोने के बाद हाथ पोंछने के लिए टिशू का अभाव किसी को भी पसंद नहीं होता। टॉयलैट रोल होल्डर खरीदते समय ध्यान रखें कि वह कवर वाला हो। ऐसा करने से शॉवर का इस्तेमाल करने पर टिशू रोल गीला नहीं होगा।

## डस्टबिन

बेशक यह बाथरूम की सबसे अधिक महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। आखिर आप रैपर, बेकार टिशू पेपर, टायलैटरीज जैसे साबुन, टूथपेस्ट आदि के बचे हुए टुकड़े अपने बाथरूम के फर्श पर तो गिराना नहीं चाहेंगे। कूड़े पर मक्खियों और कीड़ों को बैठने से बचाने के लिए कवर वाला कचरे का डिब्बा एक बेहतर विकल्प है। विशेष रूप से पैडल टाइप कवर वाले डिब्बे को खोलने और बंद करने के लिए आपको झुकना नहीं पड़ेगा।

## लांड्री बास्केट

यह आवश्यक नहीं है, परंतु बाथरूम में एक अच्छी चीज है। लांड्री बास्केट होने से परिवार के सभी लोग धोने वाले कपड़ों को एक ही जगह रख पाएंगे और इससे हर कमरे में जाकर कपड़े ढूंढने की आपकी परेशानी समाप्त हो जाएगी।

## बाथरूम में स्टाइलिश कैबिनेट

आपके बाथरूम में उपलब्ध जगह के अनुसार आप एक दर्पणयुक्त पैनल का विकल्प चुन सकती हैं, ताकि एक अतिरिक्त दर्पण की आवश्यकता समाप्त हो जाए।

## ग्लास डोर कैबिनेट

इस कैबिनेट के डोर ग्लास के बने होते हैं जो देखने में शानदार लगता है। आप इसके अंदर सामान रख सकते हैं तथा इसे वाश बेसिन के ऊपर भी इंस्टॉल कर सकते हैं।

## वैनिटी कैबिनेट

बाथरूम वैनिटी कैबिनेट कई स्टाइल में बाजार में उपलब्ध हैं। ढेरों ऑप्शन्स में से पसंदीदा डिजाइन चुन कर आप इन्हें बाथरूम के साइज के अनुसार सैट कर सकती हैं। यह आपको सिंगल वाश बेसिन या डबल वाश बेसिन दोनों ही तरह से मिल जाएगा। इसे सीधे फ्लोर पर भी रख सकते हैं। इसमें आपको मिरर लगा मिलेगा और वाश बेसिन भी साथ होगा। नीचे की तरफ काऊंटर बने होंगे जिनमें आप सामान रख सकते हैं, इस तरह हुआ न यह थ्री इन वन।

## अल्मीरा कैबिनेट

ये कैबिनेट अलमारीनुमा है जिसे आप ज्यादा स्पेस वाले वाशरूम में रख सकते हैं। इसमें आपको सामान रखने की भरपूर स्पेस मिलेगी।

## मिरर कैबिनेट

यदि बाथरूम छोटा हो तो आप मिरर कैबिनेट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें कैबिनेट के दरवाजे में मिरर लगा होता है। यह कैबिनेट कम स्पेस को ध्यान में रखकर इस्तेमाल की जा सकती है।

## वाल माऊंटेड कैबिनेट

इसे आप बाथरूम की दीवारों पर सैट कर सकती हैं, जिसमें सामान रखने के लिए कबर्ड तो होता ही है, टॉवल टांगने के लिए भी जगह होती है।



# छिपाएं सौंदर्य की अनचाही कमियों को...



अवसर चाहे पार्टी का हो या अपनी सगाई और शादी का, सबसे सुंदर दिखना हर लड़की का सपना होता है और आज के माहौल में जहां हर किसी के पास समय का अभाव रहता है वहीं लेजर के माध्यम से कम समय में खूबसूरती पाने का प्रचलन काफी बढ़ गया है। लेजर के द्वारा आप अपने सौंदर्य की अनचाही कमियों को आसानी से छुपा सकती हैं।



## ब्राइडल किट में आने वाली सुविधाएं

यह स्किन में बदलाव लाने वाली लेजर उपचार प्रणाली है जिसमें फेस में मौजूद दाग-धब्बों तथा चेहरे पर आई चोट के निशानों को हटाया जाता है। हेयर रिएक्शन बॉडी से अनचाहे बालों को हटाता है।

## माइक्रोडर्मा ब्रेसन

यह एक नई तकनीक है जिसे लेजर फेशियल कहा जाता है जो त्वचा को आंतरिक चमक देती है। लेजर पद्धति की इन प्रक्रियाओं में सबसे ज्यादा लेजर फेशियल को पसंद किया जा रहा है।

## टूथ व्हाइटनिंग

इस प्रक्रिया द्वारा दांतों की चमक को बढ़ा कर आपकी मुस्कान को सुंदर बनाया जाता है।

## डर्मा सिल्क फेशियल

डर्मा सिल्क फेशियल के अंतर्गत डायमंड मोनो आक्साइड क्रिस्टल का प्रयोग किया जाता है जो त्वचा को गोरा तथा चमक प्रदान करता है। साथ ही त्वचा पर उम्र के पडने वाले प्रभावों को रोकता है। एक लेजर फेशियल आपको दस साधारण फेशियलों के बराबर लाभ देता है।

## क्रोमोलाइट फेशियल

इस फेशियल के तहत डैड स्किन को हटाया जाता है और नई त्वचा के ऊपर पीली रंग की क्रोमोलाइट के द्वारा स्किन के भीतरी तत्वों का उपचार किया जाता है जो त्वचा को पोषण प्रदान करने वाले भागों को सक्रिय करता है। यह साधारण तौर पर लिए जाने वाले फेशियल से पांच गुणा अधिक लाभ पहुंचाता है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

**अवैध प्रवासी अब देश के हर हिस्से में पहुँच चुके हैं। वे पहचान पत्र बनवा लेते हैं और धीरे-धीरे स्थायी बसावट की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। यह स्थिति पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए चुनौती बन चुकी है। फिर इन सबके बीच यह तर्क दिया जाता है कि निर्वासन केवल कानूनी प्रक्रिया के अनुसार हो। पर न?यायालय ने इसका सीधा और तार्किक उत्तर दिया आज दे दिया है । कोर्ट ने स?पष?ट कहा है कि पहले अवैध तरीके से सीमा पार की जाए और जब पकड़ में आएँ तो कहा जाए कि अब हमें भारतीय कानूनों का पूरा संरक्षण दिया जाए, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता।**

*भारत आज एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है जिसे राजनीतिक शोरगुल और मानवीय दलीलों की आड़ में अक्सर दबा दिया जाता है, जबकि उसकी तीक्ष्णता लगातार बढ़ रही है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती संख?या अब केवल आंकड़ों का खेल नहीं रही, यह देश की सामाजिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई तक चोट पहुँचा चुकी समस्या बन चुकी है। अलग-अलग आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से लेकर छह करोड़ तक अवैध घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। केवल पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता। यह चेतावनी अचानक नहीं आई। यह दशकों से खुली सरहदों और राजनीतिक ढिलाई का नतीजा है। न?यायालय ने पूछा कि क्या इन लोगों को भारत सरकार ने शरणार्थी घोषित किया है। जब इसका जवाब न में मिला, तो अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि फिर कानून की दृष्टि से वे घुसपैठिये हैं। यह स्थिति साफ है और इसमें कोई दुविधा नहीं रहनी चाहिए। न?यायालय की टिप्पणी वस?तुत- उस वास्तविकता की ओर सीधा संकेत है जिसे लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। भारत के अपने नागरिक आज भी गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में दाखिल होते हैं, वे सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ ही कहना होगा कि देश के सीमित संसाधनों पर भारी बोझ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल कि क्या भारतीय नागरिकों की कीमत पर अवैध घुसपैठियों को संसाधन और लाभ दिए जाएँ, बिल्कुल उचित है। अदालत ने कहा कि भारत में भी बहुत गरीब लोग मौजूद हैं जिनके अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा खतरा सुरक्षा का है। घुसपैठिये बाड़ काटकर, नदी पार करके या नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में आते हैं। इनमें से कई अपराधी, तस्कर या कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े भी हो सकते हैं। कई बार ऐसे नेटवर्क पकड़े गए हैं। असम, बंगाल और दिल्ली में मिले फर्जी पहचान पत्र इस खतरे को और पुष्ट करते हैं। जब अवैध प्रवासी मतदाता सूची में घुसने लगते हैं, तब वे सिर्फ सुरक्षा पर हमला नहीं कर रहे होते हैं, वास?तव में ये लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर हमला होता है। घुसपैठ का दूसरा बड़ा दुष्परिणाम आर्थिक और सामाजिक असंतुलन है। अवैध तरीके से बसे लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, राशन कार्ड हासिल कर लेते हैं, मजदूरी पर प्रभाव डालते हैं और स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रभावित करते हैं। उनके कारण मजदूरी दरें गिरती हैं और सरकारी संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। शहरों में भीड़ और अवैध बस्तियों की बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अवैध प्रवासी जिस राज्य में बसते हैं वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने लगती है। असम, त्रिपुरा और बंगाल जैसे राज्यों में यह बदलाव अब साफ दिखने लगा है। यह बदलाव भविष्य में सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और सांस्कृतिक संघर्ष की जमीन तैयार कर सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में घर-घर घुसपैठियों की तलाश का आदेश बताता है कि यह समस्या आज सिर्फ पूर्वोत्तर या पूर्वी भारत तक सीमित नहीं रह गई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है।**

# पुतिन की भारत यात्रा : नयी विश्व राजनीति की आहट



ललित गर्ग

**पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरुआत है- जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है। भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रूवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है। पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है। भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है। भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है- कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं।



**पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 18:31 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 28:11 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | शुक्ला, 20:04 |
| सूर्योदयः | 07:05 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 16:03-17:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:51-12:32 |

## जन एक्सप्रेस

### एयरलाइन इंडिगो !

*चरमराया परिचालन ।*
*है संकट गंभीर ।।*
*एयरलाइन इंडिगो ।*
*ना रही वो वीर ।।*
*दिक्कतों का सामना ।*
*हुआ मुश्किल भारी ।।*
*झड़प भी है चालू ।*
*भड़का हर सवारी ।।*
*अफरातफरी जारी ।*
*मामला गरमाया ।।*
*इंडिगो ने हमको ।*
*अब तक नहीं उड़ाया ।।*
*आस लगाए सारे ।*
*हो सब कुछ सामान्य ।।*
*सस्ते दर पर टिकट ।*
*खुशी खुशी हो मान्य ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में ड्राई स्कैल्प की समस्या से हैं परेशान विटामिन ई और ओमेगा फैट्स से भरपूर तेल आएंगे काम

**सर्दियों** की शुरुआत के साथ ज्यादातर लोग ड्राई स्किन और ड्राई स्कैल्प जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इसके कारण लोगों को डैंड्रफ होने, बालों का रूखा होने, बेजान होने, बालों के कमजोर होने और इसके कारण बालों के झड़ने जैसी कई परेशानियां होती हैं। ऐसे में ड्राई स्कैल्प की समस्या से राहत के लिए हेल्दी खानपान, पर्याप्त पानी पीना और नियमित एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा, स्कैल्प के लिए विटामिन-ई और ओमेगा फैट्स फायदेमंद होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं। ऐसे में इन पोषक तत्वों से युक्त तेलों का इस्तेमाल करना ड्राई स्कैल्प के लिए फायदेमंद होता है। गोरखपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल के अटेंडिंग कंसल्टेंट डर्मेटोलॉजी डॉ. दीक्षा गुप्ता के अनुसार, ठंडी और सूखी हवाओं, कम ह्यूमिडिटी लेवल और इनडोर हीटिंग सिस्टम के कारण सर्दियों में स्कैल्प पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके कारण ये स्कैल्प को ड्राई और पपड़ीदार बना देते हैं, जिससे खुजली होने लगती है। स्कैल्प की हेल्थ को बचाने का सबसे आसान तरीका है हेयर ऑयल का इस्तेमाल करना, खासकर विटामिन-ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले तेल। ये न्यूट्रिएंट्स स्कैल्प बैरियर को मजबूत करने, सूजन को शांत करने और समय के साथ बालों को घना बनाने में मदद करते हैं। ऐसे में इन स्कैल्प-लविंग न्यूट्रिएंट्स से पावर्ड सबसे अच्छे सर्दियों के हेयर ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है और वे क्यों काम करते हैं।



**विटामिन-ई के बालों के लिए फायदे:** विटामिन-ई बालों के स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होते हैं। विटामिन-ई ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को को कम करने और पोषक तत्वों की कमी को दूर कर बालों को झड़ने से रोकने में फायदेमंद होता है। विटामिन-ई स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों की ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। विटामिन-ई का इस्तेमाल करने से बालों में नमी बनाए रखने, शाइनी बनाने और फ्रीज को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। विटामिन-ई बालों को नेचुरल रूप से रिपेयर करने और डैमेज से बचाव करने में मदद मिलती है। विटामिन-ई स्कैल्प को पोषण देने, हाइड्रेट करने, खुजली को कम करने और सीबम को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। विटामिन-ई ऑयल का इस्तेमाल करने से बालों की लंबाई को बढ़ावा देने और दोमुंहे बालों की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**फैटी एसिड के बालों के लिए फायदे:** फैटी एसिड से युक्त तेलों से बालों के लिए फायदेमंद माना जाता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड का इस्तेमाल करने से स्कैल्प की सूजन को कम करने में मदद मिलती है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से युक्त तेल को लगाने से बालों को गहराई से पोषक देने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, जिससे बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# ओटीटी की अनियंत्रित अश्लीलता



डॉ. प्रवीण गुगनानी

**ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की यह उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी बस माध्यम बदल गए हैं।**

**नवम्बर** माह में देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में दो ऐसी घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने भारतीय समाज के नैतिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरचना और युवा पीढ़ी के मानसिक भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील और मूल्यहीन सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता दर्ज कराते हुए एक व्यापक प्रस्ताव पारित किया। दूसरी ओर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है। भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मर्यादाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, जो एक समय रचनात्मकता, स्वतंत्र प्रयोग और कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम माने जाते थे, अब बड़े स्तर पर अश्लीलता, उग्रता, विकृति और अराजकता के केंद्र बनते जा रहे हैं। फिल्मों और वेबसीरीज में नग्नता और हिंसा को 'रियलिज्म' का नाम दिया जा रहा है, पात्रों की भाषा में गालियों और भद्दे संवादों को 'क्रिएटिव फ्रीडम' बताकर परोसा जा रहा है और युवा पीढ़ी इसे आधुनिकता का प्रतीक समझने के भ्रम में फँसती जा रही है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जो भारत की सभी भाषाओं, बोलियों और लिपियों के संरक्षण-संवर्धन का संवैधानिक दायित्व निभाने वाला संगठन है ने इसी संकट को रेखांकित किया है। परिषद् का कहना है कि ओटीटी की सामग्री युवाओं के मन-मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार, नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है। न केवल सामग्री, बल्कि उस सामग्री के प्रचार-प्रसार की शैली भी उतनी ही चिंताजनक है। पोस्टर, ट्रेलर, सोशल मीडिया रीले- सबमें आकर्षण का आधार 'संस्कृति-विरोध' और 'वर्जना-भंग' बनता जा रहा है। विभिन्न शोध भी इस संकट की पुष्टि करते हैं। हाल ही में दिल्ली और मुंबई के कॉलेजों में किए गए सर्वे से पता चला कि 14 से 18 वर्ष के बीच के 70त्न बच्चे बिना किसी आयु-नियंत्रण के ओटीटी पर वयस्क सामग्री देखते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक रिपोर्टें बताती हैं कि लगातार हिंसा और अश्लीलता के संपर्क में रहने से किशोरों में तनाव, अवसाद, आक्रामकता और संबंधों की गलत समझ विकसित होती है। साहित्य परिषद् ने केवल ओटीटी ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती विकृति पर भी चिंता जताई है। आज कई लोकप्रिय गेम, जिनमें हिंसा, हत्याएँ और आभासी अपराध मुख्य तत्व हैं, युवाओं में नशे की तरह फैल चुके हैं। बीते वर्षों में 'ब्लू व्हेल चैलेंज', 'पबजी' की लत से मानसिक विकृति, चोरी-डकैती और आत्महत्या तक की घटनाएँ सामने आईं। कई राज्यों में ऐसी घटनाओं के बाद गेमिंग पर प्रतिबंध और निगरानी की माँग उठी, किंतु इसका व्यापक समाधान आज भी प्रतीक्षित है। इस संदर्भ में परिषद् ने जो पाँच प्रमुख माँगें रखी हैं, वे पूरी तरह तार्किक एवं राष्ट्रीय हित में हैं- स्वायत्त नियामक संस्था का गठन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनिवार्यता, बच्चों के लिए आयु-आधारित सामग्री का नियंत्रण, विकृत सामग्री पर कानूनी कार्रवाई और भारतीय मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक मनोरंजन को प्रोत्साहन। वास्तव में, यदि एक राष्ट्र अपनी किशोर और युवा पीढ़ी को ही सुरक्षित न रख सके, तो उसकी प्रगति और सांस्कृतिक गरिमा दोनों खतरे में पड़ जाती हैं। इसी के समानांतर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ इस मुद्दे को और गंभीर बनाती हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अमूल्य अधिकार है, पर इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक है। अदालत ने यह भी कहा कि अश्लील सामग्री देने से पहले चेतावनी और नियमन अनिवार्य होना चाहिए।

**यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति विकृति और अराजकता का रूप ले सकती है। साहित्य परिषद् ने अपने अधिवेशन में आत्मबोध से विश्वबोध की परिकल्पना को आगामी वर्षों के वैचारिक पथ के रूप में निर्धारित किया है। यह संकल्प इस बात का संकेत है कि राष्ट्र की आत्मा तभी विश्वगुरु बन सकती है जब वह पहले स्वयं के भीतर की विकृतियों को पहचाने और उन्हें दूर करने का प्रयास करे।**


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व: बढ़ती बाघ उपस्थिति, रोमांचित सैलानी और वन संरक्षण की मजबूत दिशा

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार




पीलीभीत। टाइगर रिजर्व (पीटीआर) इस समय उत्तर भारत का सबसे उभरता हुआ 'टाइगर साइटिंग हॉटस्पॉट' बन चुका है। प्रकृति की गोद में बसे इस घने सैलानी-संगोष्ठी वाले जंगल में इन दिनों बाघों की बढ़ी चहलकदमी ने वन प्रेमियों, पर्यटकों और वन्यजीव विशेषज्ञों को उत्साहित कर दिया है। पर्यटन सत्र शुरू होते ही पीटीआर की हरियाली, शांति और प्राकृतिक सुंदरता अपनी अलग ही आभा बिखेर रही है, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण बना है–शारदा मुख्य नहर का किनारा, जहां बाघों की मौजूदगी लगातार दर्ज हो रही है। इस क्षेत्र में जंगल सफारी के दौरान बाघों के इतने करीब सामान्य दिखाई देना रोमांचक तो है ही, पीटीआर के बेहतर वन प्रबंधन का सकारात्मक संकेत भी है।

### बाघों की चहलकदमी ने बदली जंगल की तस्वीर

उत्तराखंड की ओर से आने वाली शारदा मुख्य नहर के आसपास बाघों की बार-बार उपस्थिति ने इस इलाके को 'टाइगर साइटिंग हॉटस्पॉट' का दर्जा दिला दिया है। आए दिन वायरल होते वीडियो और तस्वीरें बताते हैं कि बाघ अब इस क्षेत्र के नियमित आगंतुक हैं। खासकर शावकों के साथ घूमती बाघिन का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। कई बार सफारी वाहन कुछ दूरी पर रुककर यात्रियों को ऐसे दुर्लभ दृश्य देखने का मौका देता है, जिसे लोग अपने कैमरों में कैद कर यादगार बना लेते हैं। वन विभाग की टीम लगातार नहर क्षेत्र की निगरानी में जुटी है। विभाग के अनुसार बाघों का यह प्राकृतिक मार्ग पहले भी सक्रिय था, पर इस बार शावकों की उपस्थिति ने इसे रोमांच का केंद्र बना दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाघिन का शावकों संग निडर होकर घूमना इस रिजर्व में सुरक्षित आवास, भोजन श्रृंखला और शांत वातावरण का मजबूत संकेत है। यह पीटीआर में तेजी से बढ़ते बाघ परिवार की ओर इशारा करता है।

### पर्यटन में उछाल, विदेशी पर्यटकों की भी बढ़ी रुचि

एक नवंबर से शुरू हुए पर्यटन सत्र में अब तक चार हजार से अधिक देशी और 70 से अधिक विदेशी पर्यटक पीटीआर में जंगल सफारी का आनंद ले चुके हैं। चूका बीच की प्राकृतिक खूबसूरती, स्वच्छ वातावरण, पक्षियों की चहचहाहट और वन्यजीवों की गतिविधियां पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। बढ़ता टाइगर साइटिंग ट्रेंड पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा भर रहा है। विभाग भी पर्यटकों की सुविधाओं के साथ नियमों का सख्त पालन पर जोर दे रहा है, ताकि बढ़ती भीड़ के बीच जंगल का संतुलन कायम रहे।

### बाघ गणना की तैयारियां अंतिम चरण में

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन प्रबंधन का दूसरा बड़ा केंद्र बिंदु है–10 दिसंबर से शुरू होने वाली बाघ गणना। 73 हजार हेक्टेयर में फैले इस रिजर्व को पांच वन रेंजों में बांटा गया है। बाघ, तेंदुआ, हिरण, सांभर, जंगली सूअर और अन्य वन्यजीवों की व्यापक उपस्थिति इसे प्रदेश के सबसे समृद्ध अभयारण्यों में शुमार करती है। इस बार बाघ गणना के लिए कुल 48 ट्रांजेक्ट लाइनें तैयार की जा रही हैं, जिन पर वनकर्मियों की टीमें कंपास और रेंज फाइंडर जैसे आधुनिक उपकरणों से वन्यजीवों की गतिविधि दर्ज करेंगी। कैमरा ट्रैपिंग को और मजबूती देने के लिए पीटीआर में पहले से मौजूद 233 कैमरों के अलावा दुधवा टाइगर रिजर्व से 450 अतिरिक्त कैमरे मंगाए गए हैं। इन्हें संवेदनशील इलाकों, बीटों और पानी के स्रोतों के आसपास लगाया जाएगा। डीएफओ मनीष सिंह के अनुसार इस बार व्यापक तकनीकी तैयारी और अधिक कैमरा कवरेज से बाघों की संख्या का और भी सटीक आकलन होगा।

### संरक्षण, पर्यटन और तकनीकी प्रबंधन तीनों का संतुलन जरूरी

पीटीआर में बढ़ती बाघ उपस्थिति जहां संरक्षण प्रयासों की सफलता बताती है, वहीं पर्यटन में आई तेजी स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए भी शुभ संकेत है। लेकिन इस सफलता के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है।जंगल के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना। बाघों की लगातार मौजूदगी मनमोहक जरूर है, पर किसी भी प्रकार का मानव हस्तक्षेप उन्हें परेशान कर सकता है। इसलिए, वन विभाग द्वारा बनाए गए नियमों का पर्यटकों द्वारा पालन अत्यंत जरूरी है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि पीटीआर की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि यदि वैज्ञानिक प्रबंधन, निगरानी और संरक्षण रणनीति को निरंतर गति मिलती रही, तो पीलीभीत जल्द ही देश के शीर्ष टाइगर लैंडस्केप में अपना मजबूत स्थान दर्ज कराएगा।

### पीलीभीत एक उभरता हुआ टाइगर पैराडाइज़

बढ़ती बाघ गतिविधियां, पर्यटकों का बढ़ता आकर्षण और बाघ गणना की बड़े स्तर पर तैयारी बताती है कि पीटीआर अपने सुनहरे दौर की ओर बढ़ रहा है। यहां की प्राकृतिक समृद्धि, शांत वातावरण और वन विभाग की सक्रियता इसे उत्तर भारत की वन्यजीव पर्यटन की नई राजधानी बनने की ओर ले जा रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व आज न सिर्फ बाघों का सुरक्षित घर है, बल्कि भारत की पर्यावरणीय विरासत का जीवंत धरोहर भी बन चुका है–जिसे संरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# केशोपुर गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण– तौल, खरीद और उठान व्यवस्था संतोषजनक मिली

**जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से की अपील गन्ने की पत्ती खेत में न जलाएं, ट्रेश मल्चर का करें उपयोग**

### किसानों ने जताई संतुष्टि

केंद्र पर उपस्थित किसानों ने बताया कि गन्ना तौल और गन्ना उठान में कोई समस्या नहीं आ रही है। निरीक्षण के समय गन्ना समिति पूरनपुर के डायरेक्टर गंगाराम सहित किसान रामदयाल, शिवकुमार, सुखदेव, प्रमोद कुमार, दयाशंकर, विनोद सिंह, मिश्रीलाल, महेंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

### क्रय केंद्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त

केशोपुर क्रय केंद्र 19 दिसम्बर 2025 से संचालित है। निरीक्षण के दौरान निम्न सुविधाएं दुरुस्त पाई गईं–
पेयजल हेतु इंडिया मार्का हैंडपंप स्थापित
दैनिक गन्ना खरीद पंजिका पूर्ण
कांटा जांच पंजिका अद्यतन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिले में गन्ना पेराई सीजन तेजी पर है और चारों चीनी मिलों में प्रतिदिन लगभग 2.25 लाख कुन्तल गन्ना खरीद की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के केशोपुर गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर तौल, दस्तावेजीकरण और गन्ना उठान की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

### तौल प्रक्रिया सही, 5 कुंतल मानक बाँट से जांच में वजन सटीक

निरीक्षण के दौरान तौल लिपिक विनोद कुमार वर्मा तौल कार्य करते मिले, जिनके पास विधिक लाइसेंस उपलब्ध पाया गया। केंद्र पर आज तक 10041.30 कुंतल गन्ने की खरीद दर्ज की जा चुकी है। मौके पर पहुंचे किसान रामदयाल निवासी चन्दोखा की गन्ना भरी ट्रॉली का वजन किसानों की मौजूदगी में कराया गया। तौल की शुचिता परखने के लिए 5.00 कुंतल के मानक बाँट से जांच की गई, जिसमें वजन सही पाया गया।

### केंद्र पर चीनी मिल और विभागीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित

किसानों को सलाह दी गई कि गन्ना पर्ची, तौल या भुगतान से संबंधित किसी भी समस्या पर वे गन्ना समिति सचिव, चीनी मिल नोडल अधिकारी या टॉल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।
निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसानों से कहा कि गन्ने की पत्ती खेतों में न जलाएं। उन्होंने सलाह दी कि किसान अपनी समिति से ट्रैक्टर व ट्रेश मल्चर लेकर खेत प्रबंधन करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषण और मिट्टी के पोषक तत्त्वों का नुकसान न हो।

# लखीमपुर खीरी द्वारा संचालित 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल समापन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत बी समवाय निशानगाडा, डी समवाय बरसोला एवं ए समवाय रामपुरवा 76 में सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ इन कार्यक्रमों में मोटर ड्राइविंग, इलेक्ट्रिशियन, तथा ब्यूटीशियन जैसे व्यावहारिक एवं रोजगारमुखी प्रशिक्षण शामिल रहे, जिनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाना था।मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण बी समवाय निशानगाड़ा ग्राम - ग्राम मटेही में आयोजित मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण में युवाओं को वाहन संचालन की मूल एवं उन्नत तकनीक, ट्रैफिक नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा के मानक, आपात स्थिति में वाहन नियंत्रण, एवं बुनियादी मैकेनिज़्म का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण ने अनेक युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले हैं द्य 15 दिवसीय इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण डी समवाय बरसोला ग्राम- सुरतनगर की पहल पर ग्राम सुरतनगर में हरी शंकर शिक्षण संस्थान, सम्पूर्णानगर के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। लाभार्थियों को घरेलू एवं वाणिज्यिक वायरिंग, विद्युत सुरक्षा मानक, विद्युत उपकरण मरम्मत, मीटर एवं लाइनिंग कार्य जैसे विषयों पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी कौशल के माध्यम से स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कदम है। 15 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण ए समवाय रामपुरवा के ग्राम रामपुरवा ए समवाय रामपुरवा के ग्राम रामपुरवा में आयोजित ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम ने स्थानीय महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम प्रदान किया।इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को बेसिक एवं एडवांस्ड ब्यूटी केयर, हेयर स्टाइलिंग, स्किन ट्रीटमेंट, मेहंदी डिज़ाइन, पार्लर संचालन तकनीक का गहन प्रशिक्षण दिया गया। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक उन्नयन की दिशा में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई।तीनों समापन समारोहों में उपस्थित होकर श्री मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी, 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी ने लाभार्थियों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायी संदेश में उन्होंने कहा कौशल विकास ही वास्तविक सशक्तिकरण का आधार है। मोटर ड्राइविंग, इलेक्ट्रिशियन तथा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि वे अपने परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्स्क्रका उद्देश्य केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान एवं विकास को भी सुदृढ़ करना है। मुकेश गौतम द्वितीय कमान अधिकारी 70वीं वाहिनी स.सी.ब. ने प्रतिभागियों को सीखे गए कौशल को व्यवहार में लाने, सुरक्षा नियमों का पालन करने, और आगे भी अपने कौशल को निखारते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी प्रशिक्षित युवाओं/युवतियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया, जिसे पाकर सभी युवक प्रशंसित एवं गौरवान्वित हुए द्य सहभागिता एवं उपलब्धियाँ इन तीनों कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में तकनीकी जागरूकता बढ़ी,महिलाओं को आत्मनिर्भरता के नए विकल्प मिले,ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार-सृजन को बढ़ावा मिला,समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा मजबूत हुई, स्स्क्रऔर स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग एवं विश्वास और गहराया आभार एवं संकल्प 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने प्रशिक्षक दलों, ग्राम मटेही, सुरतनगर और रामपुरवा के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों, हरी शंकर शिक्षण संस्थान, तथा ,क्र एवं ष्ठ समवायों के कार्मिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।
वाहिनी ने भविष्य में भी इसी प्रकार के कौशल विकास, जनकल्याण एवं सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों को निरंतर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# शिक्षक स्नातक मतदाता सूचियों में सरकार द्वारा किया गया बड़ा फर्जी वाड़ा: हाजी दानिश अख्तर

### पार्टी की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू होंगे सपा पार्टी में शामिल- जगदेव सिंह जग्गा



सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा से पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट ने सवाल किया कि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री बीसलपुर से विधायक रह चुके अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू क्या समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए श्री जग्गा ने बताया कि वैसे तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष फूल बाबू के शामिल होने की बातचीत लगभग हो चुकी है। लेकिन पार्टी की कुछ औपचारिकताएं होनी बाकी रह गई है। जिनके पूरा होने के बाद ही अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू बहुजन समाज पार्टी के लगभग सैकड़ो कार्यकर्ताओं व अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में बहुत जल्द शामिल हो जाएंगे तभी आधिकारिक रूप से फूल बाबू के सपा में शामिल होने की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा की जाएगी उल्लेखनीय है कि बीते कई दिनों से बहुजन समाजवादी पार्टी के बाहुबली नेता पूर्व मंत्री रह चुके अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू के समाजवादी पार्टी में चले जाने की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में बड़े जोर से हो रही हैं लेकिन आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि न हो पाने के कारण आज जगदेव सिंह जग्गा से इस मामले पर सवाल किया गया तो स्थिति स्पष्ट हो गई कि अभी सपा में आधिकारिक रूप से फूल बाबू शामिल नहीं हुए हैं। कई औपचारिकताएं पार्टी की पूरी होने के बाद उनकी सपा में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा हो जाएगी।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शिक्षक स्नातक खंड बरेली मुरादाबाद मंडल के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षक स्नातक एमएलसी बरेली मुरादाबाद मंडल के शिक्षकों की जो 9 जिलों की मतदाता सूची प्रकाशित की गई हैं। उसमें बड़े पैमाने पर फर्जी वाड़ा किया गया है। यह विचार श्री अख्तर ने आज नकटा दाना स्थित केजीएन 2 कॉलोनी में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किये। समाजवादी पार्टी के बरेली मुरादाबाद मंडल शिक्षक स्नातक के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने पत्रकार अरुण भारद्वाज के सवालों का जवाब देते हुए बताया की सरकार द्वारा वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया है। 2 से 16 तक मतदाता सूची पर दावे व आपत्ति का समय दिया गया हैं।
जिसका समाजवादी पार्टी नेताओं ने मतदाता सूची का परिसिलन किया और उसमें बड़े स्तर पर फर्जी वाड़ा पाया गया। श्री अख्तर ने कहा मजेदार बात यह है 2005 में जन्म लेने वाला व्यक्ति मतदाता सूची में शिक्षक मतदाता बना दिया गया है। जबकि 18 से 20 साल का व्यक्ति शिक्षक कैसे हो सकता हैं। क्योंकि 18 वर्ष में व्यक्ति इंटर करता है 21 वर्ष में स्नातक करता है 2 साल में वी एड अथवा बीटीसी की परीक्षा पास करने के बाद ही व्यक्ति शिक्षक बन सकता है। इसलिए 20 साल के बनाए गए वोटर पूरी तरीके से फर्जी हैं। बरेली मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के आलावा शिक्षक स्नातक मतदाता सूची में आजमगढ़, गोरखपुर,जौनपुर जिले के शिक्षकों को भी वोटर बनाया गया है। जो पूरी तरीके से फर्जी हैं। कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल मतदाता सूची के फर्जी वाडे पर कोई आपत्ति ना डाल सके इसलिए ऑनलाइन प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया गया है मतदाता सूची में जिन शिक्षकों के नाम शामिल किए गए हैं उनमें कई के पिता का नाम नहीं है, पता नहीं है, स्कूलों के नाम नहीं हैं। ऐसा इसलिए किया गया है की ऑनलाइन में आपत्ति लगाकर ऐसे फर्जी वोट कोई ना कटवा पाए और तो और ऑनलाइन आपत्ति लगाकर सरकार द्वारा वोट काटे जा रहे हैं और फर्जी वोट बनाए जा रहे हैं। भाजपा सरकार पूरी तरीके से साम दाम दंड भेद और फर्जी वाड़ा अपनाकर शिक्षक स्नातक चुनावों में अपने पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने की मंशा से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी वाड़ा किया गया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, शिक्षक नेता पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा, पार्टी प्रवक्ता पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक, समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष एनडी शुक्ला उर्फ ज्योति आशीष सक्सेना एडवोकेट, प्रशांत यादव एडवोकेट सहित दर्जनों समाजवादी नेता मौजूद रहें।

# पीलीभीत- साइबर ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश, छह आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के पर्यवेक्षण में एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में सक्रिय साइबर ठगी गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया गया। पुलिस ने 3 दिसंबर 2025 को अंमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद गिरोह के अन्य प्रमुख सदस्यों मनजीत, विक्रांत उर्फ विक्की और अन्य की गिरफ्तारी की। माधौटांडा स्थित मनजीत के घर से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 मोबाइल फोन, 13 लैपटॉप, 2 कंप्यूटर सिस्टम, सीपीयू, कीबोर्ड, ईडी मशीन, प्रिंटर, नकद 1160 रुपये, सिम कार्ड और आधार कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण बरामद किए। पूछताछ में प्रमुख आरोपी मनजीत ने बताया कि अगस्त 2024 में उसकी मुलाकात विक्रान्त उर्फ विक्की और अंमृतपाल से हुई थी और विक्रांत ने उसे कॉल सेंटर में काम दिया। वहां उसे मासिक वेतन और प्रशिक्षण के साथ गेमिंग पोर्टल पर कॉल करके लोगों को झांसा देने का काम सिखाया गया। गिरोह का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल द्ध्ड्डद्बह्स्न्नद्यड्ड4247.द्गड्डद्धद्दह्य के माध्यम से लोगों को गेम खेलने के लिए प्रेरित करना और उनके खाते से पैसे निकालना था। ग्राहकों को पहले ईनाम का लालच दिया जाता और बाद में उनके खाते से पूरे पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते। इसके लिए गिरोह द्वारा ग्राहकों का विवरण, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह ने देश के कई राज्यों में लोगों को निशाना बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों में मनजीत सिंह, विक्रांत पंडित, चक्र खड़का, कपिल मेहरा, कुनाल प्रजापत और प्रशान्त सिंह शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336(3), 3(5) बीएनएस और 66ष्ट/66ष्ठ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।पुलिस ने आमजन को चेतावनी दी है कि सिम कार्ड खरीदते समय हमेशा अंगूठा और आधार कार्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसी भी साइबर ठग को अपने बैंक खाते, पासबुक या सिम कार्ड की जानकारी न दें। इस कार्रवाई से साइबर ठगी पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# परेवा वैश्य में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिले, गोरक्षा हिंदू दल का हंगामा

- दो घंटे तक तनाव, शादी समारोह में घुसने की कोशिश पुलिस ने समझा–बुझाकर हालात संभाले

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जहानाबाद क्षेत्र के गांव परेवा वैश्य में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के पास स्थित तालाब किनारे प्रतिबंधित पशु के अवशेष पड़े मिले। ग्रामीणों के बीच घटना की खबर फैलते ही माहौल गर्म हो गया और देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।गांव के लोगों ने इसकी सूचना गोरक्षा हिंदू दल को दी, जिसके बाद संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कड़ी नाराजगी जताते हुए विरोध करने लगे। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बन गया।
घटना की जानकारी मिलने पर गौरक्षा हिंदू दल के तहसील उपाध्यक्ष हेमंत मौर्य, जिला मंत्री जितेंद्र मौर्य, सुधांशु पाठक, मनीष मौर्य, फूलचंद, दिनेश वर्मा, मनोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने को अत्यंत संवेदनशील मामला बताते हुए पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बनाया।उनका कहना था कि ऐसी घटनाएं सामाजिक माहौल को बिगाड़ने की साजिश हैं और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।
ग्रामवासियों और गोरक्षा कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते तालाब के पास माहौल तनावपूर्ण हो गया। भीड़ लगातार बढ़ती जा रही थी, जिसके चलते हंगामा और तेज हो गया।सूचना पर सबसे पहले थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप विश्नोई पुलिस बल के साथ पहुंचे और भीड़ को शांत करने की कोशिश की। इसके कुछ ही समय बाद सीओ सदर, आईपीएस नताशा गोयल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद फॉरेंसिक टीम और पशु चिकित्सकों की संयुक्त टीम को बुलाकर जांच शुरू कराई गई।
टीम ने अवशेषों की पहचान और वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए सैंपल एकत्र किए।
बचे हुए अवशेषों को अधिकारियों की निगरानी में गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया गया, ताकि क्षेत्र में बदबू न फैले और भीड़ का आक्रोश न बढ़े।

### शादी समारोह में घुसने की कोशिश, पुलिस से नोकझोंक

घटना स्थल से लगभग 500 मीटर दूर एक बरातघर स्थित है, जहां समुदाय विशेष का शादी समारोह चल रहा था।अवशेष मिलने की सूचना के बाद गोरक्षा दल के कार्यकर्ता वहां भी जा पहुंचे और उन्होंने शादी समारोह में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक और बहसबाजी भी हुई। हालात बिगड़ते देख सीओ सदर ने मोर्चा संभाला और कार्यकर्ताओं को समझाकर वापस भेजा। कुछ देर तक पुलिस बल बरातघर के बाहर तैनात रहा ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### गंभीरता से जांच चल रही है– सीओ सदर नताशा गोयल

सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया मौके का निरीक्षण कर लिया गया है। प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने की पुष्टि हुई है। सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और क्राइम ब्रांच व एसओजी को जांच में लगाया गया है। पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच चल रही है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और पुलिस को जांच पूरी करने में सहयोग देने की अपील की फिलहाल पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्क है और गांव में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। घटना से गांव और आसपास के इलाकों में तनाव बना हुआ है, लेकिन पुलिस लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

अधिकारियों ने बताया कि घटना अत्यंत संवेदनशील है और जल्द ही खुलासा करने के लिए कई विशेष टीमें बनाई गई हैं।
क्राइम ब्रांच, एसओजी और स्थानीय पुलिस को जांच का दायित्व सौंपा गया है।
प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ता गया। मौके पर करीब दो घंटे तक अफरा-तफरी और तनाव का वातावरण बना रहा। पुलिस बार-बार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करती रही। गोरक्षा हिंदू दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस जल्द खुलासा नहीं करेगी, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।

### डीएम ने फरियादियो की सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग–दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 02, कृषि 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ब्लॉक फूलबेहड़ में एस आई आर कार्य सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ परिसर में आज खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह के नेतृत्व में स्ढ्ढक्रफॉर्म भरने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं संबंधित स्टाफ मौजूद रहे। गौरतलब है एस आई आर विशेष प्रांगण पुनरीक्षण में 1038 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजाइन कार्य मझरा फॉर्म महेवा में बीएलओ गुरमीत कौर शारिक हुसैन जैदी व प्राथमिक विद्यालय मझरा फॉर्म नीलम और सोनी व शितलेश मिश्रा के सहयोग में कार्य पूरा कर लिया गया।कार्य के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और स्ढ्ढक्र प्रक्रिया के सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगी। दिया है। शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह का धन्यवाद किया।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को याद कर श्रद्धांजलि दी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ के सभागार में भारत रत्न बाबासाहेब डा0 भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भारतीय समाज में किए गए उनके योगदान को यादकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू नेउन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि, बाबासाहेब ने अपनी पूरी जिंदगी हमेशा ऐसे समाज की बात की जिसमें सभी लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार किया जाए। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया था। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी ,एस आई संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी,जे ई अनिल कुमार यादव, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, धीरज बाजपेयी, राजीव वर्मा, विनोद वर्मा, शिवम गुप्ता, सुरेन्द्र वर्मा, काके सहगल, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### धान क्रय केंद्रों पर एडीएम का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। तहसील सदर क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। बी पैक्स बसहा व एसएस बसहा मुरादनगर गोदाम में संचालित धान क्रय केंद्रों पर अचानक पहुंचे एडीएम को देखकर केंद्रों पर मौजूद कर्मचारियों में खामोशी और तेजी दोनों दिखाई दी। इस दौरान डिप्टी आरएमओ नमन पांडेय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने खरीद प्रगति, तौल व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर खरीद में लापरवाही और प्रक्रिया में ढिलाई सामने आई। एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जवाब संतोषजनक न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित किसानों से एडीएम ने बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और उन्हें क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी किसानों को समय पर, पारदर्शी और बिना किसी परेशानी के धान खरीद की सुविधा मिले।

# गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों को कराएं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित : डीएम

जन एक्सप्रेस । बी जी मिश्र

तहसील सण्डीला मे सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की मंशानुसार गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता पर समस्त योजनाओं से लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठे और विभागीय शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायत का त्वरित निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये तथा निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें।




सम्पूर्ण समाधान में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने समस्त कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों के अनुसार गांवों में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर किये गये को चिन्हित करें और उच्च अधिकारियों को जानकारी देते समस्त भूमि कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के खिलाफ भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करें। पेंशन संबंधी शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उनकी जांच कराये और पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें। राशन वितरण में अनियमिता की शिकायतों पर उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षकों से नियमित कोटे की दुकानों का निरीक्षण करायें और अनियमितता करने वालों कोटेदारों के विरूद्व कार्यवाही करें। विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलवायें और विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने के साथ रोटर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करायें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि शान्ति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए क्षेत्र के दंबग, अपराधी, आराजक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से बीट सिपाहियों तथा चौकीदारों के माध्यम लें और सरकारी एवं गरीगों की भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व विभाग की टीम के साथ सहयोग करें। इस अवसर पर सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे, डीएफओ,एसडीएम सण्डीला नारायनी भाटिया, तहसीलदार अमित यादव,डीडीओ, पीडी, डीसी मनरेगा, डीडी कृषि सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीओ, सीडीपीओ तथा संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

## पुलिस ने तमंचे सहित युवक को किया गिरफ्तार



**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत संडीला पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादनगर निवासी युवक को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संडीला पुलिस ने भोला पाल पुत्र छोटेलाल निवासी मुरादनगर थाना संडीला को 312 बोर तमंचा व 02 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# 3 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । हरदोई




साण्डी कस्बे के विश्व बन्धु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय 52वां वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को उत्साह और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में खेल भावना, अनुशासन और सभी टीम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। समारोह में विद्यालय प्रबंधक हरीशचंद्र कुशवाह एवं नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को शिल्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास की नींव हैं। ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी प्रबल करती हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण रहे अवधेश कुशवाहा, ऋषभ कुमार, तारीक विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया तथा विशेष पुरस्कार एवं सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अवधेश कुशवाहा, ऋषभ और तारीक जैसी प्रतिभाएं स्कूल के लिए गर्व का विषय हैं। उनके संघर्ष, अनुशासन और नियमित अभ्यास ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्कूल प्रधानाचार्य अनुराग सिंह, प्रेमचंद कुशवाहा,सभी शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनसे वातावरण उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और आगामी वर्ष में खेल गतिविधियों को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 78 शिकायतों में पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



शाहाबाद तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सौम्या छाबड़ा ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 78 शिकायत आई जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या छबड़ा ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण करें और निस्तारण करने से पहले मौके पर जाकर जांच करें तथा दोनों पक्षों से वार्ता करें। इसके बाद ही शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने चेतावनी दी अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने संपूर्ण समाधान की शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही की तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव, नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्बंधित अधिकारी किसी भी दशा में वाहनों पर ओवरलोडिंग न होने दें : एसडीएम

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



शाहाबाद लोवर लोड वाहनो से आये दिन हो रही दुर्घटनाओ एवं जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह किसी भी दशा मे वाहनों मे ओवरलोडिंग न होने दे। एसडीएम अंकित तिवारी ने अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा कि प्रायः यह देखा जाता है कि कृषि उत्पादन की ओवरलोडिंग की जा रही है तथा विशेष कर गन्ने से भरे वाहनों में गन्ना वाहनों की परिधि से बाहर निकले होते हैं, साथ ही वाहनों की ऊंचाई से अधिक ऊंचाई तक वाहनों से ढुलाई की जा रही है। ठंड तथा कोहरे के कारण ऐसे वाहनों से दुर्घटनाएं होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वह कृषि उत्पाद धान तथा गन्ने से लदे वाहनों में ओवरलोडिंग तथा ओवर हाइट उत्पाद न लादें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने वाहनो मे निर्धारित सीमा से अधिक वजन की ढुलाई न किये जाने, वाहनों के पीछे लाल कपड़े पर रिफ्लेक्टर लगाये जाने, वाहनों पर कोहरे से बचाव के लिए फॉग लाइट का प्रयोग करने, वाहनों की गति निर्धारित सीमा के अंदर रखने तथा वाहनों को देखभाल कर ओवरटेक करने का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश वाहन चालकों को दिये है। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों, चीनी मिल लोनी के महाप्रबंधक तथा जिला गन्ना अधिकारी को भी निर्देशित किया है कि वह किसी भी दशा मे ओवरलोडिंग न होने दे तथा ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करे। एसडीएम ने सहायक परिवहन अधिकारी को भी ओवरलोडिंग करने वाले वाहनो के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

# संडीला पुलिस ने चोरी के घंटे सहित चोर को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । हरदोई

संडीला थाना क्षेत्र के मुरार नगर सोम के मंदिर से चोरी हुए घंटे सहित पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 05 दिसंबर को देवेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र घनश्याम निवासी मुरारनगर सोम औधोगिक क्षेत्र थाना संडीला द्वारा थाना संडीला पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के गांव में स्थित मंदिर से घण्टा चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना संडीला पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध घंटा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।थाना संडीला के उपनिरीक्षक रजत त्रिपाठी और पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आए शुभम कुमार पुत्र राजेश तिवारी और सचिन पुत्र राजेश सक्सेना निवासीगण मुरारनगर सोम थाना संडीला जनपद हरदोई को एक अदद चोरी के घण्टे सहित गिरफ्तार किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस विभाग की शिकायतें हुई दर्ज

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)



शनिवार को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 19 शिकायतें प्रस्तुत की गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व तथा पुलिस विभाग के मामले शामिल हैं। तहसील सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह तथा एसडीएम तथा अधिकारियों के समक्ष संतराम कुशवाहा पुत्र श्यामलाल रामगंज कालपी ने शिकायत की है कि मुझे काम करने के बाबजूद विपक्षी मजदूरी नहीं दे रहा है। राजकुमारी पत्नी अमर सिंह निवासी आटा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है की प्रार्थनी के द्वारा खरीदे गए प्लाट पर विपक्षी निर्माण करने को रोक रहे हैं। राजेश द्विवेदी मंगरौल ने गांव में चकरोड पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की। सुखदेव सिंह निवासी ग्राम बसरेही ने प्रार्थी की जमीन के अंश भाग में गलत दर्ज होने की शिकायत की। शांति निवासिनी ग्राम उसरगांव में प्रार्थनी की भूमि में विपक्षी के द्वारा जुताई न करने का आरोप लगाया है। उप जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों के विभाग वार निस्तारण की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। शिकायतकर्ता से उसका पक्ष जरूर पूंछा जाये। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार, हरेंद्र सिंह सेंगर, राजेंद्र कुमार, प्रमोद दुवे, विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान, अवर अभियंता नवीन सचान, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चैधरी, वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह, वन दरोगा मन्ना सिंह चैहान, बीआरसी प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा, स्टैनो सलीम खान, तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार, कालपी कोतवाली कालपी के उप निरीक्षक के अलावा कदौरा, आटा तथा चुर्खी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो अभियान को एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सफल बनायें

जालौन (उरई)। रविवार को आयोजित होने वाले पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

चिकित्साधिकारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने अभियान में लगाए गए शिक्षकों, आशा बहुओं, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यक्रत्रियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. सहन विहारी गुप्ता बताया कि 14 दिसंबर रविवार को आयोजित पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को हर हाल में सफल बनाया जाना है। इस अभियान में एक भी बच्चा छूटने न पाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई जानी है। बताया कि नगर में दवा पिलाने के 31 बूथ बनाए गए हैं और ग्रामीण क्षेत्र में 88 बूथ बनाए गए हैं जबकि यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों में देवनगर चैराहा, कोंच चैराहा और सहाव मोड़ पर बच्चों को दवा पिलायी जाएगी।

# कुठौंद थानाध्यक्ष अरुण राय की आत्महत्या मामले में आया नया मोड़

- पत्नी ने दी लिखित तहरीर सिपाही पर लगाया हत्या का आरोप
- घटना के बाद से ही पुलिस महकमे में मच गया था हड़कंप

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

कुठौंद थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय की आत्महत्या के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है उनकी पत्नी ने लिखित तहरीर में महिला सिपाही पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि 5 दिसंबर को रात 10 बजे करीब जालौन के कुठौंद थाना अध्यक्ष अरुण कुमार राय ने थाना में परिसर में अपने आवास पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी जिसकी जानकारी उनके आवास से निकलकर चिल्लाती हुई भागी महिला ने चिल्लाते हुए थाने में दी थी तब पूरा पुलिस फोर्स थानाध्यक्ष के आवास की ओर भागे जहां पर अरुण राय खून से लथपथ पड़े हुए थे तत्काल उन्हें कुठौंद अस्पताल में ले जाया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया था घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां पर उन्होंने पत्रकारों के समक्ष अरुण राय को गोली लगने की पुष्टि की थी। उधर फॉरेंसिक टीम ने अरुण राय के की आवास के फुटेज लेकर जांच पड़ताल के बाद आवास को सील कर दिया था घटना की सूचना थानाध्यक्ष के परिवारजनों को दे दी गई थी। आज सुबह उनके परिवारजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां पर उन्होंने भी शव का निरीक्षण किया और आरोप लगाया की अरुण राय कभी आत्महत्या नहीं कर सकते वह बहुत मजबूत किस्म के व्यक्ति थे किसी न किसी वजह से उनकी मौत संदिग्ध है और हत्या भी हो सकती है। दिवंगत थाना अध्यक्ष के मामा आरएस पांडेय जो कि रिटायर्ड एडीएम है ने आरोप लगाया की अरुण की संदिग्ध मौत की जांच जरूरी है। घटना से पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी बच्चों से बात की थी तब ऐसा कहीं से नहीं लगा क्यों परेशान है निश्चित ही उनके साथ कोई हादसा हुआ है या फिर उनकी सुनियोजित हत्या की गई है।

### एसपी को दी गई तहरीर में लगाया हत्या का आरोप

उरई। पुलिस लाइन उरई में पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई कुठौंद थाना अध्यक्ष को संबोधित तहरीर में अरुण कुमार राय की पत्नी माया राय ने बताया कि उनके पति अरुण कुमार राय प्रभारी निरीक्षक के पद पर थाना कुठौंद जनपद जालौन में कार्यरत थे। 5 दिसंबर को रात्रि करीब 10 बजे मेरे मोबाइल पर सूचना मिली कि आपके पति को गोली लग गई है वह अपने परिवारजन के साथ मेडिकल कॉलेज उरई में पहुंची तो देखा कि सिर में गोली लगी है। मेरे पति का कोई पारिवारिक समस्या नहीं थी मुझे विश्वास है कि किसी ने उनकी हत्या की है मेरे पति मानसिक रूप से बहुत मजबूत थे वह आत्महत्या नहीं कर सकते हैं हमको पता चला है कि घटना के बाद एक महिला उनके आवास से निकलकर भागी है जिसका नाम मीनाक्षी शर्मा बताया गया है मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे पति की हत्या उसी महिला ने या उसके द्वारा कराया गया है। कल रात से ही जहां थाना अध्यक्ष अरुण कुमार राय द्वारा अपनी सर्विस रिवॉल्वर से आत्महत्या करने की की चर्चा जोर पकड़े हुए थी वहीं पर मीनाक्षी शर्मा का एंगल आने के बाद पुलिस अब इस मामले को हत्या को लेकर भी जांच आगे बढ़ा सकती है थाना अध्यक्ष की को गोली लगने के बाद जिस तरह से महिला उनके आवास से भागती हुई सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रही है उससे साफ लग रहा है कि क्या मामला संदिग्ध है पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अरुण राय के परिवारजनों को आश्वत किया कि मामले की गहराई से जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उसे बक्शा नहीं जाएगा पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मीनाक्षी शर्मा के सवाल पर पुलिस अधीक्षक ने कहा जांच चल रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस लाइन में पार्थिव शरीर को दी गई श्रद्धांजलि

उरई। थाना अध्यक्ष अरुण राय के पोस्टमार्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन लाया गया जहां पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई, क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इसके बाद अरुण राय के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### महिला आरक्षी पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

उरई। कुठौंद थानाध्यक्ष अजय राय की मौत के मामले में थाना पुलिस ने अपरान्ह बाद पत्नी माया राय की तहरीर पर महिला आरक्षी मीनाक्षी पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। तो वहीं पुलिस अब थानाध्यक्ष की मौत के मामले की कई स्तर पर जांच का दायरा भी बढ़ा दिया है। आने वाले दिनों में पुलिस जांच किस दिशा में जायेगी यह तो समय ही बतायेगा।

# सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राजावत

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

ग्राम पंचायत सहाव की समिति (बीपैक्स) की वार्षिक बैठक समिति में संपन्न हुई। जिसमें समिति की नीतियों पर चर्चा हुई।

ग्राम पंचायत सहाव की समिति (बीपैक्स) की वार्षिक साधारण सभा पवन चतुर्वेदी की अध्यक्षता और केंद्रीय उपभोक्ता भंडार लिमिटेड के सभापति उपेंद्र सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से किसान भाइयों को पारदर्शी व समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यही उनकी प्राथमिकता भी है। समिति के सभी कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, समिति को आत्मनिर्भर व अधिक सक्षम बनाने के लिए सभी स्टेक होल्डरों का भी सहयोग आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि संजय सिंह तोमर ने कहा कि समिति को और अधिक प्रभावी और किसान हितैषी बनाया जाना आवश्यक है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव रवि कुमार आदि मौजूद रहे।


एचडीएफसी बैंक शाखा ने आयोजित किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

जालौन (उरई)। स्थानीय एचडीएफसी बैंक शाखा द्वारा आयोजित किए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का स्किन रोग विशेषज्ञ डा. एके मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

# शताब्दी वर्ष में आरएसएस ने शुरू किया सबसे बड़ा संपर्क अभियान

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जन संपर्क कार्यक्रम शुरू किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी एवं आरएसएस कार्यकर्ता हर्षित खन्ना द्वारा केशव बस्ती में घर-घर एवं प्रतिष्ठानों में जाकर के संपर्क करके संघ के बारे में बताया गया। भारत माता की प्रतिमा को दिया गया एवं पत्रक देकर संघ के बारे में जानकारी दी। हर्षित खन्ना बताते हैं कि 1925 की विजयदशमी को शुरू हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन गया है। इसलिए स्वाभाविक ही संघ को जानने की उत्सुकता समाज में बढ़ी है।



संघ कार्य के प्रथम चरण में संगठन खड़ा करना ही प्रमुख कार्य था और उस हेतु व्यक्ति निर्माण की प्रतिक्रिया को गतिमान करना आवश्यक था। किसी भी श्रेष्ठ कार्य को उपहास, अपेक्षा, विरोध और फिर स्वीकार्यता के चरणों से गुजरना पड़ता है वैसे ही संघ को भी इन सभी चरणों से गुजरना पड़ा। दुर्भाग्य से हमारे ही समाज के कुछ वर्गों को अछूत मानकर शिक्षा सुविधाओं और सम्मान से वंचित रखा गया यह सरासर अन्यायपूर्ण और अमानवीय है। सृष्टि हमारे सभी प्राणियों की मां है परंतु भौतिकवादी जीवन के बढ़ते प्रभाव के कारण प्रकृति का शोषण ही होता रहा है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में कुटुंब का विशेष महत्व है भारतीय आध्यात्मिक सृष्टि से यह कुटुंब यानी मैं से हम की यात्रा का पहला कदम है। किसी भी देश के विकास के लिए उस देश के जो संसाधन है उसके आधार पर विकास के मार्गों को प्रशस्त करना चाहिए। हर हालत में संविधान नियम कानून और अनुशासन का पालन करके चलना कोई भड़काऊ बात हो गई तो भी कानून हाथ में नहीं लेना गैर कानूनी आचरण नहीं करना। गत सौ वर्ष से यह महायज्ञ अवरत रूप से चल रहा है।

# पालिका के निरीक्षण में लंबित मामलों पर दो लिपिकों पर विभागीय कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

शनिवार को नगर में पहुंचे डीएम ने नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में पेंडेंसी मिलने पर उन्होंने दो लिपिक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही और वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश देने के साथ ही ईओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। डीएम राजेश कुमार पांडेय शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे थे। जहां कटरा निवासी एफ राईन ने नगर पालिका द्वारा नक्शा स्वीकृत न किए जाने की शिकायत की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए समाधान दिवस के बाद डीएम सीधे नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने नक्शे से संबंधित दस्तावेजों को देखा। जिनमें 40 से अधिक नक्शे वर्ष 2023, 2024 और 2025 के न तो स्वीकृत हुए थे और न ही उनके संबंध में कोई विवरण दर्ज था। स्वीकृत अथवा अस्वीकृत को लेकर भी कोई आख्या दर्ज नहीं की गई थी। जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित लिपिक कमलेश त्रिपाठी व सुलेखा के खिलाफ विभागीय कार्यवाही और वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित अभिलेख भी देखे। जन्म और मृत्यु से संबंधित 70 से अधिक प्रकरण लंबित थे। पूछने पर बताया गया कि एसआईआर कार्य में लगे होने की वजह से प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके हैं। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिनकी आवेदनों की जांच हो चुकी है और लंबित पड़ हुए हैं। ऐसे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र शाम तक जारी कर दिए जाएं जिसकी रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए।

# कातिल बाप: मासूम के हत्यारे पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के अंतू थाना इलाके के चौबेपुर गांव में बीते दिनों हुई मासूम बालक की हत्या में पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारे बाप को गिरफ्तार किया है। शक एक ऐसी लाइलाज बीमारी है जो किसी भी हंसते-खेलते घर को बर्बाद कर देती है। जब यही शक पति अपने पत्नी के चरित्र पर करे तो मामला और भी गंभीर हो जाता है। ऐसा ही शक बाबूलाल ने पत्नी के चरित्र पर किया जिससे एक मासूम को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा। पुलिसिया पूछताछ में जल्लाद बाप ने पूरी दास्तान बयां करते हुए अपना जुर्म कबूल कर लिया कि कैसे उसने मासूम की हत्या की थी। गौरतलब हो कि अंतू थाना इलाके के चौबेपुर गांव निवासी बाबूलाल वर्मा का सात वर्षीय बेटा यश कुमार बीते रविवार को पड़ोस में आई बारात से रात में अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला था। वहीं सोमवार सुबह बारात स्थल से कुछ




दूरी पर मासूम बालक मरणासन्न अवस्था में मिला था। परिजन उसे तत्काल सड़वा चंडिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मासूम का हाँथ टूटा हुआ था। शरीर पर चोट के निशान व खून देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दादा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले का हर पहलुओं से बारीकी से जांच कर रही थी। शव मिलने के बाद से ही माँ बाप एकदूसरे पर आरोप लगा रहे थे। बच्चे के अंतिम संस्कार के बाद जब पिता पुलिस की निगरानी से फरार हुआ तो पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश करने में जुटी हुई थी। उसी क्रम में पुलिस ने उसे थाना इलाके के चौबेपुर गांव के समीप शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कपड़ो व जूतों को भी बरामद किया है। पुलिसिया पूछताछ में आखिर वो टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि एक लड़के जितेंद्र को लेकर उसकी पत्नी से उसका विवाद हुआ और पत्नी मायके चली गई। उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर उस लडके के साथ रहना चाहती थी इसलिए उसने लड़के को फंसाने के लिए योजना बनाई। जिसके बाद मुहल्ले में आयी बारात में खाना खिलाने के बहाने ले जाकर बाग के पास चकरोड पर अपने बेटे के पैर पकड़कर उसे सिर के बल बेरहमी से पटक दिया और मारने की नियत से चोट भी पहुंचायी। उसके बाद अपने बेटे को मरा जानकर झाड़ी में छोड़कर वापस बारात आया और बच्चे को ढूंढने का नाटक करने के साथ ही पुलिस को सूचना दिया। पूछताछ में आगे बताया कि अगले दिन सुबह गाँव के लोगों द्वारा बताने पर वो अपने पिता व अन्य लोगों के साथ मौके पर गया तो देखा बच्चे की सांसे चल रही थी। तब वह पिता के साथ बारात की गाड़ी से घायल बेटे को सीएचसी ले गया जहां डाक्टर ने उसे मृत बता दिया। हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई है मैनें अपना ही पुत्र मार डाला। अपने बड़े बेटे से मिलने आया और आप लोगों ने पकड़ लिया। फिलहाल कलियुगी पिता को पुलिस ने सलाखों के पीछे कर उसे उसके अंजामों की सजा दे दी है।

## तेज रफ्तार एम्बुलेंस ट्रक से टकराई, चालक-परिचालक गंभीर

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के फरेंदा रोड पर शनिवार तड़के लगभग चार बजे तेज रफ्तार एम्बुलेंस एक खड़े ट्रांसपोर्ट ट्रक से टकरा गई, जिससे भीषण सड़क हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में एम्बुलेंस चालक उमेश, निवासी सिद्धार्थनगर, और परिचालक नागेंद्र, निवासी कुशीनगर, गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाज़ुक देखते हुए उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार अंधेरा और एम्बुलेंस की तेज रफ्तार दुर्घटना के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि हादसे के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि फरेंदा रोड पर रात के समय भारी वाहनों का खड़ा रहना और प्रकाश व्यवस्था की कमी बार-बार हादसों का कारण बन रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम एसपी ने सुनी शिकायतें, 10 शिकायतों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की पट्टी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इसके पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डीएम शिव सहाय अवस्थी, एसपी दीपक भूकर, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समाधान दिवस में कुल 182 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। कुल प्राप्त 182 शिकायतों में से 88 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 03, स्वास्थ्य से 02 एवं 30 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जूनियर बार के अधिवक्ताओं ने डीएम से तहसील परिसर में पीने के पानी की अव्यवस्था है व साफ सफाई की शिकायत की। जिस पर डीएम ने ईओ पट्टी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द रिबोर कराकर हैण्डपम्प को दुरूस्त करायें और इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायें। तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी नियमित करायी जाये। वहीं विद्युत बिल संशोधन सम्बन्धी शिकायत पर अधीक्षण अभियन्ता को समाधान हेतु निर्देशित किया। डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करने हेतु निर्देशित किया साथ ही कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले।

# एसआईआर जागरूकता रथ यात्रा रवाना, सपा नेताओं ने दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज**

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी ने शनिवार को भव्य जागरूकता रथ यात्रा की शुरुआत की। नगर के ऐतिहासिक माता बनैलिया मंदिर परिसर से रथ यात्रा को विधिवत पूजन-अर्चन के बाद रवाना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला उपाध्यक्ष राजू दुबे ने की।



रथ यात्रा को राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी बैजू यादव के सौजन्य से जिला पंचायत सदस्य राम आशीष यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ यात्रा विधानसभा नौतनवा 316 के अंतर्गत सभी ग्राम सभाओं, टोलों और बस्तियों में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम कटाने तथा संशोधन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी। नेताओं ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों का मतदाता सूची में शामिल होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। रथ यात्रा का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न हो। यह अभियान घर-घर पहुंचकर लोगों को एसआईआर के महत्व से अवगत कराएगा।

रथ यात्रा के दौरान प्यारे लाल यादव, दिनेश कुमार, रंजन कुमार, दीपक कुमार, सोनू, सुनील कुमार, प्रिंस पंडित, प्रिंस यादव, गंगा प्रजापति, अर्जुन यादव, राम सिंह सहित समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गडौरा चीनी मिल में गन्ना पेराई शुरू, किसानों में खुशी

**जन एक्सप्रेस/ठूठीबारी/महराजगंज।** गडौरा स्थित जेएचवी चीनी मिल में तकनीकी समस्या दूर होने के बाद शनिवार दोपहर गन्ना पेराई कार्य शुरू कर दिया गया। लंबे इंतजार के बाद मिल संचालन शुरू होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में उत्साह और राहत की भावना है। मिल के महाप्रबंधक राजेश सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर को तकनीकी खराबी के कारण पेराई कार्य शुरू नहीं हो सका था। इंजीनियरों की टीम ने समस्या का समाधान कर दिया है और शनिवार से पेराई सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस crushing season मिल द्वारा 60 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पेराई की शुरुआत होते ही किसानों की ट्रॉली और ट्रैक्टर मिल पर पहुंचने लगे, जिससे पूरे परिसर में रौनक दिखने लगी। किसानों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया और समय पर पेराई शुरू होने को अपने हित में बताया।

# एसआईआर अभियान की रफ्तार बढ़ाने में जुटे डीएम

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तहसील नौतनवा क्षेत्र के शेष फरेंदा और हरदी डाली गांवों में डोर-टू-डोर जाकर अभियान की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने मतदाताओं से प्रत्यक्ष संवाद कर एसआईआर फॉर्म जमा होने की जानकारी ली और अधिक से अधिक लोगों को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया।

डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान जिलाधिकारी ने अकाली, अनामिका, धर्मेंद्र, राजमन, गुरुचरण, पारसनाथ सहित कई ग्रामीणों से बातचीत की। सभी ने बताया कि उन्होंने अपने एसआईआर फॉर्म जमा कर दिए हैं। हरदी डाली निवासी 105 वर्षीय राजमणि मिश्रा ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि उन्होंने भी फॉर्म भरकर जमा कर दिया है। डीएम ने श्री मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि ÷आप जैसे जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की सच्ची नींव हैं।

जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता को फॉर्म भरने की सही जानकारी उपलब्ध हो तथा कोई भी मतदाता प्रक्रिया से वंचित न रहे। उन्होंने टीमों को निर्देशित किया कि जिन घरों में फॉर्म नहीं भरे गए हैं, वहाँ विशेष ध्यान देते हुए त्वरित रूप से एसआईआर फॉर्म भरवाए जाएं। उन्होंने कहा कि ÷मत का अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण है, और यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शेष फरेंदा के बूथ संख्या 02 और 03 पर भी जाकर डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति देखी। बूथ संख्या 02 की बीएलओ अनीता यादव ने बताया कि यहाँ 765 मतदाता हैं, जबकि बूथ संख्या 03 की बीएलओ सीमा कन्नौजिया ने बताया कि बूथ पर 807 मतदाता पंजीकृत हैं। दोनों बूथों पर मिलकर 90 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि जो मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, उनके नाम पंचायत भवन पर चस्पा कर दिए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए एसआईआर प्रक्रिया को और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिनके गणना प्रपत्र अप्राप्त हैं, वहां बीएलओ कम से कम तीन बार अवश्य संपर्क करें। यदि कोई मतदाता कहीं और से फॉर्म जमा करना चाहता है, तो उसका कारण भी दर्ज किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ÷किसी भी दशा में कोई पात्र मतदाता एसआईआर फॉर्म न मिलने के कारण मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौतनवा श्री नवीन प्रसाद, बीडीओ श्री अमित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनता की समस्याएँ

## 45 शिकायतों में से 7 का मौके पर निस्तारण, हेल्प डेस्क व स्वास्थ्य शिविर भी रहे आकर्षण का केंद्र

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 45 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में प्रस्तुत प्रत्येक शिकायत पर अधिकारी स्वयं पर्यवेक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करें। साथ ही निस्तारण संबंधी आख्या के साथ स्पॉट मेमो लगाने के निर्देश भी दिए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर हेल्प




डेस्क, आयुष्मान डेस्क, आयुष स्वास्थ्य शिविर और यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में फरियादियों का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड वितरण, दिव्यांग प्रमाणपत्र निर्गमन तथा यूडीआईडी हेतु पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण भी हेल्प डेस्क के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, तहसीलदार पंकज शाही, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आलोक कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला का मोबाइल छीनकर फरार बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में नगर कोतवाली थाना इलाके के जीजीआईसी के समीप बीते बुधवार देर रात महिला से मोबाइल छीनकर फरार हुए बदमाश को पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से छीना हुआ वीवो का मोबाइल, एक तमंचा व कारतूस के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी बरामद किया है। गौरतलब हो कि बीते बुधवार को देर रात ई रिक्शा से ड्यूटी करके लौट रही एक महिला से नगर कोतवाली थाना इलाके के जीजीआईसी कालेज के सामने एक बाइक सवार उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गया था। जिसमें महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर चोटहिल भी हो गई थी। महिला की तहरीर पर मुकदमा कर पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही पुलिस हर पहलुओं का बारीकी से जांच कर रही थी।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की मानिकपुर थाने की एंटी रोमियो टीम ने एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 के थाना इलाके के चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज मीरगढ़वा व आसपास व्यापक एंटी रोमियो चेकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम द्वारा कॉलेज परिसर एवं आसपास उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई





तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को जागरूक करते हुए साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शासन द्वारा संचालित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रमुख हेल्पलाइन नंबर जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वूमेन पावर लाइन, स्वास्थ्य सेवा समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों को बताया गया। इसके साथ ही साथ ही उन्हें समय-समय पर सहायता और सुरक्षा के लिए थाना मानिकपुर का सीयूजी नम्बर भी उपलब्ध कराया गया। अभियान के दौरान बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन तथा मिशन शक्ति से जुड़े जागरूकता बिंदु भी विस्तृत रूप से समझाए गए।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर संविधान निर्मात बाबा साहब को किया नमन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के बाबागंज विकासखंड की ग्राम पंचायत उतरार में शनिवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह से ही ग्रामीणों का बाबा साहब स्मारक स्थल पर पहुंचना जारी रहा। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार, उनका संघर्ष और सामाजिक समानता के लिए उनका समर्पण आज



भी पूरे समाज के लिए प्रेरक हैं। ग्राम विकास अधिकारी संदीप सरोज ने कहा कि शिक्षा, समानता और न्याय पर डॉ. आंबेडकर का जोर ही किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति है। इस दौरान राम आसरे गौतम, रामदयाल गौतम और शिक्षक कमलेश गौतम ने भी लोगों को बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। प्रेम नारायण गौतम, सुभाष गौतम, जितेंद्र, संदीप यादव, संजीत गौतम, रंजीत, विकास, ओमप्रकाश गौतम, रामदुलारे गौतम, अमित मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सभी ने एक स्वर में कहा कि बाबा साहब द्वारा दिए गए अधिकारों और मूल्यों को संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी और सामूहिक प्रतिज्ञा का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज में शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय है। दलितों, शोषितों और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे समाज सुधार और समानता के लिए बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक अंशू वर्मा, दीपाली, गीतांजलि, मधुबाला मणि, प्रियंका, शुभम सिंह, शौर्य पटेल, नारायन, मारूफ, कैफ अंसारी, कृष्णमोहन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक मेले में उमड़ी भारी भीड़, बच्चों ने लिया झूले का आनंद

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के मदाफरपुर मेले के तीसरे दिन मेले में उमड़ी भारी भीड़। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, वहीं बड़े-बुजुर्गों ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोहंडौर पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। दिनभर चले मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक झूलों का लुत्फ उठाया। इसके साथ ही, बड़े-बुजुर्गों ने मेले में सजी विभिन्न दुकानों से पकवान और मिठाइयाँ खरीदीं, जिनका उन्होंने स्वाद लिया। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोहंडौर पुलिस ने कड़ी निगरानी रखी। पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते दिखे। मेला आयोजक ग्राम प्रधान विपिन कुमार जायसवाल उर्फ सोनू ने भी व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रात्रि में भी बड़ी संख्या में दर्शक मेला देखने पहुँचे। उन्होंने टिमटिमाती विद्युत झालरों से सजे स्टालों का अवलोकन किया और विभिन्न प्रकार के पकवानों का आनंद लिया। मेले में दूर दराज से आये दुकानदारों ने सामानों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री से खुश दिखे। चारों तरफ भीड़ से मेला अपनी पूरी रंगत में दिखा। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। बच्चे, युवक-युवतियां सर्कस, ड्रैगन, ब्रेकडांस, नाव झूला का आनंद लेने के लिए उतावले दिखे। वहीं महिलाएं मेले में श्रृंगार व घरेलू सामान की खरीदारी में व्यस्त रहीं। गुड़ही जलेबी, छोला, बुनिया, खजला को हर किसी ने चखा। पूरा मेला परिसर मेलार्थियों से भरा रहा। मेले में सजी दुकानों में लोगों की जरूरत का लगभग हर सामान उपलब्ध था। सुबह दस बजते ही ग्रामीण क्षेत्र से लोग टोली में मेला देखने को पहुंचने लगे। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। दुकानदार भी अपनी दुकानों को भोर में ही सजा लिया था। मेले में आफर वाले सामानों की खूब बिक्री हुई। मेला से लौटते समय लोग गुड़ही जलेबी लेना नहीं भूले। देर रात तक लोग मेला का आनंद लेते रहे। वहीं भीड़ को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय रही। इस दौरान पुलिस ने शरारती तत्वों को भी सबक सिखाते हुए चेतावनी दी। मेले में आए सभी दर्शकों का मेला आयोजक ने धन्यवाद किया।

# डायट बस्ती में समावेशी शिक्षा पर मंथन, शिक्षकों की भूमिका पर जोर

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट बस्ती में शनिवार को शिक्षा में समानता एवं समावेशन में शिक्षकों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें समावेशी शिक्षा को वर्तमान समय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए शिक्षकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई।
मुख्य अतिथि प्रो.डॉ.सुनीता त्रिपाठी, महिला महाविद्यालय बस्ती, ने कहा कि समावेशी शिक्षा किसी नीति भर का नाम नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को उसके सामर्थ्य, परिस्थिति और आवश्यकता के अनुसार सीखने का अवसर देने का संवेदनशील दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वह शक्तिपुंज हैं जो विद्यालय को वास्तविक रूप से समानता और स्वीकृति का वातावरण दे सकते हैं। कक्षा में ऐसा माहौल बने जहाँ सामाजिक, आर्थिक, लैंगिक या शैक्षणिक किसी भी प्रकार की भिन्नता सीखने की प्रक्रिया में बाधा न बन सके- यही सच्चा समावेशन है।
विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सुरभि सिंह, प्राचार्य कृष्ण कुमारी पाण्डेय विद्यालय, ने लैंगिक समानता और शिक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षा का आधार ही न्यायपूर्ण दृष्टिकोण है। यदि शिक्षक कक्षा में भाषा, व्यवहार और गतिविधियों में लैंगिक तटस्थता अपनाएँ, तो बच्चे स्वाभाविक रूप से समानता की सोच विकसित करते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।
सेमिनार में 15 विकासखंडों के 62 शिक्षक तथा डीएलएड 2023 व 2024 बैच के प्रशिक्षु शामिल हुए। प्रतिभागियों ने शिक्षा में समानता, समावेशन की अवधारणा, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (ष्टङ्कस्ह) के प्रति जिम्मेदारी, लैंगिक समानता, सामाजिक-आर्थिक असमानता और सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे विषयों पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिए। सभी प्रस्तुतियाँ शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक परिवर्तन लाने पर केंद्रित रहीं।
कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा शुक्ला ने कहा कि समावेशी शिक्षा केवल ढाँचागत सुधारों से सफल नहीं हो सकती; इसके लिए शिक्षकों की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों के व्यवहार, सोच और कक्षा प्रबंधन में सकारात्मक बदलाव लाना है, और इसे विद्यालयों में लागू करना ही इस प्रशिक्षण की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।
कार्यक्रम के दौरान संकलित शोध एवं आलेखों पर आधारित पुस्तक का अनावरण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।
अंत में डॉ.रविनाथ ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों, प्रशिक्षुओं एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर प्रवक्ता कुलदीप चौधरी, वंदना चौधरी, अलाउद्दीन खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, श्रीमती सरिता चौधरी, श्रीमती वर्षा पटेल सहित अनेक शिक्षक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## नाबालिग छात्रा के आत्महत्या मामले में वांछित युवक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुईथाकलां विकास खण्ड सुईथाकलां क्षेत्र अंतर्गत भेला गाँव की नाबालिग छात्रा के आत्महत्या मामले में पुलिस ने बाल अपचारी आरोपी अमन कुमार को शनिवार सुबह भेला बस स्टॉप से गिरफ्तार कर लिया। छात्रा के पिता चंद्रभान के अनुसार उनकी 17 वर्षीया पुत्री नन्दिनी ने 22 सितम्बर सुबह घर पर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गुजरात निवासी अमन कुमार लगातार उनकी बेटी को फोन कर परेशान करता था,संभवतः इसी वजह से मानसिक दबाव में आकर उसने फांसी लगा लिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रशासन के आश्वासन पर माने हिन्दू संगठन, बहराइच कूंच स्थगित

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष स्नेह पाण्डेय और राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी के आवाहन पर बहराइच कूच करने के लिये बड़ी संख्या में लोग अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में एकत्र हुये। पहले से मौजूद सीओ सिटी भारी पुलिस बल के साथ यहां मौजूद रहे। लम्बे समय तक चली वार्ता के बाद सीओ सिटी के आश्वासन पर यात्रा को स्थगित कर दिया गया।
इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग अध्यक्ष संजय द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि राजकुमार शास्त्री ने कहा कि हिन्दू देवी देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बहराइच में स्थित हाजी सालार की दरगाह को हटाए जाने की मांग को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा। कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे तत्वों पर लगाम लगाये जो लोग सनातन परम्परा और देवी देवताओं को अपमानित कर रहे हैं। उन्हें जेल भेजा जाय।
हिन्दू संगठनो के पदाधिकारी बहराइच में स्थित हाजी सालार की दरगाह को हटाए जाने तथा उसके स्थान पर महाराज सुहेलदेव जी के सम्मान में स्मारक बनाकर बहराइच जनपद का नाम सुहेलदेव नगर किये जाने की मांग कर रहे थे। वे बुल्डोजर लेकर जाने को तैयार थे। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष स्नेह पाण्डेय और राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने कहा कि आश्वासन पर यात्रा स्थगित किया गया है किन्तु यदि मांगे न मानी गयी तो आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जिला संयोजक प्रभु दयाल वर्मा, रविंद्र कश्यप, अनिल प्रजापति, शिव सेना जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय, रामजी पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, राजन, रमेश कनौजिया, अजय मिश्रा, सोनू पाठक, रमेश पांडे, आकाश आर्या, दीपक राव, डॉक्टर अन्यनय सिंह, कृष्ण अवतार चौधरी, कवि चौधरी, सत्येंद्र मिश्रा, वशिष्ठ मुनि दुबे, अभय देव शुक्ला, रीना, वंदना, धर्मेंद्र चौहान, हरेंद्र सिंह, पप्पू सोनी, रमेश पांडे, रमन दुबे, विनोद निषाद, आलोक पांडे, अंशुमान पांडे, अंजू चौधरी, घनश्याम पांडे, अमरदीप, विवेक श्रीवास्तव के साथ ही अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाबा साहब को याद, खाद संकट पर सपा का हमला

जन एक्सप्रेस। बस्ती




समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय और कटेश्वर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सदैव समाज को नई दिशा देने वाले प्रेरणापुरुष रहेंगे। उन्होंने श्रमिकों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया, इसलिए उनका योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा।
मासिक बैठक में विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बीएलए से मतदाता सूची पुनरीक्षण और एसआईआर के गंभीरता से परीक्षण की अपील की, ताकि पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाएँ।
बैठक के दौरान खाद संकट प्रमुख मुद्दे के रूप में छाया रहा। नेताओं ने आरोप लगाया कि किसान खाद के लिए परेशान घूम रहे हैं, जबकि सरकार व प्रशासन इसे उपलब्ध कराने में पूरी तरह असफल साबित हो रहा है। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो पार्टी संघर्ष के लिए बाध्य होगी। यह संकट सीधे उत्पादन और किसानों की स्थिति पर प्रतिकूल असर डालेगा।
पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र चौधरी, विधायक कविन्द्र चौधरी अतुल, दयाशंकर मिश्र, मो. स्वालेह, विजय विक्रम आर्य, जावेद पिण्डारी, मो. सलीम, जमील अहमद, बुद्ध प्रकाश एडवोकेट, संजय गौतम, रामशंकर निराला, हरेश्याम विश्वकर्मा सहित कई नेताओं ने बाबा साहब के योगदान को याद किया।
उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा रचित संविधान देश की आत्मा है, जो सभी नागरिकों को समानता, अधिकार और विविधता में एकता का संदेश देता है।
बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रवीण पाठक, गुलाम गौस, गुलाब सोनकर, रन बहादुर यादव, दिनेश यादव, प्रशान्त यादव, हनुमान प्रसाद चौधरी, विश्म्भर चौधरी, बैजनाथ शर्मा, मन्नू सिंह, मो. युनूस आलम, मुरलीधर पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पोखरे में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**30 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर शव को पोखरे से निकाला**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नटौली गांव स्थित एक पोखरे पर नहाने गया युवक का शव 30 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने ढाई घंटे रेस्क्यू कर निकाला। इस दौरान पोखरे पर भारी संख्या में भीड़ जुटी हुई थी। कोतवाली निरीक्षक व पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे। क्षेत्र के खरौना गांव निवासी 40 वर्षीय राजू राजभर पुत्र लालचंद राजभर शुक्रवार की सुबह अपने दोस्तों के साथ गांव के बगल नटौली गांव स्थित साव के पोखरे पर नहाने गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गई। लेकिन शव पानी से बाहर नहीं निकल सका। शुक्रवार को स्थानीय गोताखोरों ने बहुत प्रयास किया लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। वहीं कोतवाली निरीक्षक किरन कुमार सिंह ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। शुक्रवार की शाम छह बजे शाहगंज पहुंची अंधेरा होने के चलते शनिवार सुबह दस बजे टीम ने रेस्क्यू किया। ढाई घंटे के बाद शव को पोखरे से बाहर निकाल कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान एसडीआरएफ टीम के उपनिरीक्षक शहंशाह कटियार, कांस्टेबल अंकुर खरवार, घनश्याम, प्रेम चन्द्र, सुनील यादव, दिव्य रोशन, अजय चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## तहसीलों में गूंजी समाधान की आवाज़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील मछलीशहर के सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने उपस्थित जनसमुदाय की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय देना है, इसलिए किसी भी मामले में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जनसुनवाई के दौरान राजस्व से संबंधित विवाद, भूमि माप-जोख, पैमाइश, पथरगड्डी, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य विभागीय मुद्दों से जुड़ी अनेक शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने कई प्रार्थना पत्रों का समाधान मौके पर ही कर दिया, जिससे लोगों में संतोष का भाव दिखाई दिया। समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना भी की। इधर जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि इन्यूमरेशन अवधि 11 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।

# कांग्रेसियों ने डा.भीमराव अम्बेडकर को किया नमन

- विश्व बंधुत्व और समानता की प्रतिमूर्ति थे बाबा साहब अम्बेडकर- डा. प्रमोद कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जैसी महान विभूतियां बार बार जन्म नहीं लेती है, अम्बेडकर जी का सिद्धांत भारत समेत सम्पूर्ण विश्व को समानता और प्रेम का मार्ग दिखाता है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर तिराहे के पास उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा।
कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद सिंह ने कहा कि भारत का संविधान देश की एकता, समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार देशवासियों को प्रदान करता है, यह सभी संवैधानिक अधिकार संविधान निर्मात्री सभा के साथ संविधान शिल्पी साबित साहब भीमराव अम्बेडकर जी की देन है। भारत का मजबूत लोकतंत्र और जनता को मिले मताधिकार भीमराव अम्बेडकर की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। डा. प्रमोद सिंह ने आगे कहा कि उनका संदेश है कि देश हर गरीब दबा कुचला, दलित पिछड़ा और अगडा सबको एक समान अधिकार मिले, सब शिक्षित हो, सब पढ़ें और सब बढे का क्रांतिकारी सूत्र बाबा साहब सोच का परिणाम है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि डा. अंबेडकर के संविधान को बचाना हर देशवासियों का परम कर्तव्य है, उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर ही देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, प्रदेश सचिव पंकज सोनकर, इरशाद ख़ान, अरुण शुक्ला, विनय तिवारी, राकेश मिश्रा, सभासद सहनवाज मंजूर, एडवोकेट शैलेन्द्र यादव, एडवोकेट प्रेम चंद्र मौर्य, वरुण शंकर चतुर्वेदी आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मो.ताहिर, एडवोकेट अभिनव सिंह सनी, अज़ीम शेख, विनय विश्वकर्मा, इक़बाल आदि उपस्थित रहे।

# जौनपुर दौरे पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के तेवर तीखे

**अखिलेश यादव पर बोला हमला**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले के दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार के समय न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को नजरअंदाज किया गया, बल्कि संविधान और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का भी अपमान किया गया।
एसआईआर (स्ढ्ढक्र) प्रणाली पर बोलते हुए मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि जो लोग बूथ लूटकर चुनाव जीतने की परंपरा चलाते थे, उनका दौर अब समाप्त होने वाला है। जब मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध हो जाएगी, तभी समाजवादी पार्टी की विदाई भी तय हो जाएगी।
कफ सिरप प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकार गलत करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसकी भी भूमिका संदिग्ध पाई जाएगी, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।

# सरपतहाँ पुलिस की कार्रवाई- धारा 107 बीएनएस से संबंधित एक बाल अपचारी को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया

**कार्रवाई में शामिल टीम**
1. थानाध्यक्ष - यजुवेन्द्र कुमार सिंह
2. उ0नि0 - प्रदुम्नमणि त्रिपाठी
3. हे0का0 - रघुपति राम
4. का0 - विरेन्द्र चौहान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



थाना सरपतहां पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए धारा 107 बीएनएस से संबंधित प्रकरण मु0अ0सं0 263/2025 में नामित एक बाल अपचारी को सुरक्षित रूप से अभिरक्षा में लिया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में उ0नि0 प्रदुम्नमणि त्रिपाठी एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.12.2025 को भेला बस स्टाफ क्षेत्र में की गई। कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया और बाल संरक्षण मानकों का पालन करते हुए की गई। पुलिस के अनुसार, उक्त प्रकरण पहले से पंजीकृत था और संबंधित बालक के व्यवहार एवं गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर टीम ने शांतिपूर्ण व संतुलित तरीके से कार्रवाई करते हुए उसे अभिरक्षा में लिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में कानूनी प्रावधानों का पूर्ण सम्मान किया जाता है तथा उनकी पहचान गोपनीय रखना प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई केवल क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। किसी भी नाबालिग के मामले में सुधार और पुनर्वास को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वह भविष्य में सकारात्मक वातावरण में आगे बढ़ सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की जिम्मेदार कार्रवाई और तत्परता की सराहना की है। सरपतहाँ पुलिस ने अपील की है कि नागरिक शांति बनाए रखने में सहयोग दें।

# हाईकोर्ट से धनंजय सिंह को बड़ा झटका

**नदेसर शूटआउट गैंगस्टर केस में अपील खारिज, कोर्ट ने कहा 'राज्य के अधिकार में दखल नहीं**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एक बड़ा झटका दिया है। वर्ष 2002 के चर्चित नदेसर टकसाल शूटआउट मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपियों की बरी होने के खिलाफ दायर उनकी अपील को अदालत ने पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया। जस्टिस लक्ष्मीकांत शुक्ला की सिंगल बेंच ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध राज्य और समाज के खिलाफ माना जाता है, न कि किसी व्यक्ति विशेष के। इसलिए शिकायतकर्ता होने के बावजूद धनंजय सिंह इस मामले में ''पीड़ित'' की परिभाषा में नहीं आते, जिससे उन्हें अपील दाखिल करने का अधिकार नहीं मिलता।

### क्या कहा कोर्ट ने?

अदालत ने सख्त शब्दों में कहा कि असामाजिक और आपराधिक गतिविधियों को रोकना राज्य का पवित्र दायित्व है। कोई भी व्यक्ति राज्य के अधिकार को अपने हाथ में लेने या उसकी जगह खड़ा होने का हकदार नहीं है।
कोर्ट ने साफ कर दिया कि निवारक कार्रवाई सरकार का काम है और वही इस पर निर्णय ले सकती है।

### क्या था पूरा मामला?

4 अक्टूबर 2002, वाराणसी कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास तत्कालीन रारी विधायक धनंजय सिंह की गाड़ी पर च-47 समेत भारी हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग हुई थी।
यह शहर का पहला ओपन शूटआउट माना जाता है।
इसमें धनंजय सिंह के साथ उनके गनर, ड्राइवर और अन्य लोग घायल हुए थे। धनंजय सिंह ने बाहुबली विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, सतेंद्र सिंह उर्फ बबलू सहित अन्य के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया था।

### ट्रायल कोर्ट ने क्यों बरी किए आरोपी?

29 अगस्त 2025 को वाराणसी के स्पेशल जज, गैंगस्टर एक्ट सुशील कुमार खरवार ने साक्ष्य के अभाव में चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। इसी आदेश को धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### हाईकोर्ट में बहस का मुद्दा कौन है 'पीड़ित'?

धनंजय सिंह की ओर से तर्क दिया गया कि वह इस घटना में घायल भी हुए और वही शिकायतकर्ता भी हैं, इसलिए उन्हें 'पीड़ित' मानते हुए अपील करने का अधिकार मिलना चाहिए।
परंतु राज्य की ओर से एजीए ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट का अपराध समाज के खिलाफ है,
किसी व्यक्तिगत व्यक्ति के खिलाफ नहीं। कोर्ट ने राज्य की दलील को सही ठहराया और अपील को अस्वीकार्य मानते हुए खारिज कर दिया।

### क्या होगा अब?

हाईकोर्ट के फैसले के बाद धनंजय सिंह की कानूनी राह और कठिन हो गई है।
यदि वे आगे न्यायिक चुनौती देना चाहेंगे, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा। इस फैसले ने न केवल 23 साल पुराने चर्चित नदेसर शूटआउट केस की कानूनी दिशा बदल दी है, बल्कि गैंगस्टर एक्ट में ''पीड़ित'' की परिभाषा पर भी बड़ा न्यायिक संकेत दिया है।

# शाहगंज में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता, बच्चों की चमकी प्रतिभा, विजेताओं को मिला सम्मान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर ब्लॉक स्तरीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार आयोजन शाहगंज के पू0 मा0 विद्यालय पोरईकला में किया गया। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित कर व फीता काटकर किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज बसंत कुमार शुक्ल ने अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत बुके, बैच और कैप पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में पू0 मा0 वि0 गुरैनी, प्रा0वि0 गोरारी व प्रा0वि0 धौरइल की छात्राओं ने गणेश वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी महत्वपूर्ण गुणों को भी विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है। खण्ड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल ने कहा कि खेल-कूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे हार-जीत को स्वीकारने की भावना पैदा होती है और नई प्रतिभाओं की पहचान होती है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में अमी यादव (प्रथम), ज़ीशान (द्वितीय), अनुराग (तृतीय) तथा बालिका वर्ग में आरोही (प्रथम), डिम्पल (द्वितीय), करीना (तृतीय) रहीं। 100 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में रविकांत (प्रथम), फरहान (द्वितीय), श्रेयांश (तृतीय) और बालिका वर्ग में अंशिका (प्रथम), गोल्डी (द्वितीय), लक्ष्मी (तृतीय) रहीं। कबड्डी में प्राथमिक बालक व बालिका वर्ग में पीएम श्री कयार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो जूनियर बालिका वर्ग में पू0 मा0 वि0 मुड़ेला प्रथम और पीएम श्री वि0 कयार द्वितीय रहे। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका व्यायाम शिक्षक अरुणेश कुमार यादव ने निभाई। सफल संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा और रत्नेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नवाब और नीलू की लूट मामले में हुई कोर्ट में पेशी



### पुलिस से नीलू की हुई झड़प

कैदी वाहन की ओर ले जाते वक्त नीलू यादव की पुलिस से झड़प हो गई। कहासुनी होते ही पुलिस कर्मियों ने धक्का देकर उसे कैदी वाहन की ओर धकिया दिया और फिर उसे उसी में बैठा दिया गया। न्यायालय परिसर के बंदी गृह से पुलिस जब नवाब और नीलू को कोर्ट की ओर जा रही थी, तो परिसर में उनके समर्थकों और वकीलों की भीड़ लगी हुई थी। समर्थकों को देखकर नवाब सिंह यादव ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और फिर कोर्ट की ओर पुलिस उन्हें लेकर चली गई।

### 7 महीने बाद कन्नौज कोर्ट में हुई पेशी

नवाब सिंह यादव को कन्नौज पुलिस ने 11 अगस्त 2024 की रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से अरेस्ट किया था। यहां एक नाबालिग ने 112 नम्बर पर कॉल कर नवाब सिंह के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। तब से वह लगातार जेल में हैं। रेप के अलावा वह और उनका भाई नीलू यादव गैंगस्टर मामले में जेल में हैं। 22 मार्च 2025 को कन्नौज जेल से उन्हें बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। उन्हें इससे पहले 19 मई को बांदा जेल से लाकर कन्नौज कोर्ट में पेश किया गया था। इस बीच दोनों भाइयों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी होती रही।

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

नाबालिग से रेप के चर्चित मामले में बांदा जेल में बन्द पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को कन्नौज कोर्ट लाया गया। जबकि उनके भाई नीलू यादव को कौशाम्बी जेल से पेशी के लिए लाया गया। लूट मामले में दोनों भाइयों की एडीजे फर्स्ट कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान कोर्ट के भारी फोर्स तैनात रहा। यहां ड्रोन कैमरे से कड़ी नजर रखी जा रही है।
गैंगस्टर मामले में बांदा जेल में बन्द सपा के पूर्व नेता नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव के खिलाफ 6 नवम्बर 2025 को लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में 7 नामजद और 13 अज्ञात शामिल हैं। उनके खिलाफ चिपट्टी मोहल्ले के रहने वाले विशाल यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।
जिसमे उसने आरोप लगाया था कि नवाब सिंह और नीलू यादव ने 19 नवम्बर 2023 में उसके ईंट भट्ठे पर हमलाकर कर लूटपाट की थी।
दबंगई और रसूख के चलते उनके खिलाफ कोई कार्यवाही उस वक्त नहीं की गई थी। खौफ के कारण वह लोग कन्नौज छोड़कर चले गए थे। विशाल ने बाइक लूटने का भी केस दर्ज कराया है, जिसकी बरामदगी नहीं हो सकी।
पुलिस ने विशाल की तहरीर पर लूट समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में कोर्ट से रिमांड जारी किया गया था। जिसको लेकर नवाब और नीलू को कन्नौज में एडीजे फर्स्ट कोर्ट में पेश किया गया। यहां 20 मिनट में ही दोनों भाइयों की पेशी हो गई। जिसके बाद उन्हें कोर्ट हवालात में ले जाया गया। जहां से उन्हें बांदा और कौशाम्बी जेल में ले जाया जाएगा।

# डीएम ने तिर्वा तहसील में बैठकर सुनी जन समस्याएं किया सम्पूर्ण समाधान

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



तहसील तिर्वा में आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनसुनवाई के दौरान कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष 124 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।
सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कई विभागों ने जागरूकता एवं सेवा कैंप लगाए। जिसमें यूनानी विभाग द्वारा 60 लोगों का उपचार, आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 65 लोगों का उपचार, चिकित्सा विभाग की ओपीडी में 50 मरीजों की जांच हुई एवं 05 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तथा 05 दिव्यांग कार्ड बनाए गए।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी आमोद कुमार (भुनियापुर, तिर्वा) ने बताया कि मनरेगा की 88 दिन की मजदूरी 20,535 बैंक की लिपिकीय त्रुटि के कारण समान नाम वाले किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गई है, जो धनराशि वापस करने से मना कर रहा है।जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा, डीपीआरओ व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रकरण की तत्काल जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेहनतकश का हक हर हाल में मिलना चाहिए, किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।
इसी प्रकार फरियादी ब्रजपाल (जटियापुर) द्वारा मौजा सिमरिया, आराजी संख्या 30ख पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी तिर्वा को स्वयं जांच कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी के निर्देश समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में क्वालिटी पर विशेष फोकस किया जाए। भूमि विवाद, पट्टा, खतौनी प्रविष्टि आदि मामलों की निगरानी तहसीलदार स्वयं करें; संबंधित लेखपाल भी जानकारी रखें। आवास एवं पेंशन संबंधी संभावित लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए ताकि लक्ष्य प्राप्त होने पर उन्हें तत्काल लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्य उसी गति से जारी रखा जाए और समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ढ्ढत्रक्र, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना के लिए जिले में लगे दर्ज़नो कैम्प




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना-2025 के अंतर्गत आज बिजली बिल राहत योजना 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज में ग्राम चौरा
चांदपुर, कूलापुर, बरधैया, बरूआहार, बहोसी, नदसिया एवं मोहल्ला मासमपुर मौरारा, शिखाना, ग्राम भोजापुर, नन्दपुर, अमोलर, कुसका, राजारामपुर, सराय दायमगंज,
शाहजहांपुर, खोजीपुर, कबीरापुर, भूड़ा, गदनापुर, गुगरापुर में कैम्पों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 459 उपभोक्ताओं के द्वारा योजना का लाभ उठाया गया और आयोजित कैम्पो के दौरान धनराशि रू0 16.23 लाख उपभोक्तओं द्वारा जमा किया गया है।
उन्होंने बताया कि इसी प्रकार कल दिनांक 07-12-2025 को पैंदाबादग इनायतपुरग सफदरगंजग नसरापुरग जलालपुर सरवनग गुरौलीग खुर्रमपुरग अकबरपुरग दिहुलीग बरकागॉवग सगराग रामपुर नगलाग विराहिमपुरग पुराभोजग बिकूपुरग नौसाराग किशनपुरग पहलपुर्वा तथा मोहद्दीनगर में कैम्प आयोजित किए जाएगे। उन्होंने ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें।

# राष्ट्र की सुरक्षा एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर जरूरी: ब्रजेश पाठक



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर से देश के लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें मतदाताओं और सरकारी कर्मचारियों की पूरी मदद सुनिश्चित करनी है ताकि किसी को भी कठिनाई न हो।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण इसके पहले देश और प्रदेश में कई बार हो चुका है।प्रदेश में 2003 में चुनाव आयोग एसआईआर करवा चुका है तब विपक्ष के पेट में दर्द क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा एसआईआर मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया है जिसके जरिए देश में घुसपैठिए के रूप में रह रहे अनधिकृत विदेशियों को देश से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। उन्होंने एसआईआर को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव से पूर्व हुए एसआईआर में करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे,परन्तु किसी ने भी चुनाव आयोग में नाम काटने की शिकायत नहीं की। जिससे एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता की पुष्टि होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें। लोकसभा चुनाव के बाद देश के कई प्रदेशों में हो रही करारी हार से विपक्षी बौखलाए हुए हैं। इसीलिए एसआईआर को लेकर विपक्षी अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है। उन्होंने फॉर्म 6,7 व 8 की चर्चा करते हुए इसकी उपयोगिता समझाई। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शेष दिनों में लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में समर्पित भाव से एसआईआर की सफलता के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि बूथ जीतने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। पात्रों के नए वोट जुड़वाने एवं बोगस वोट कटवाने के लिए एसआईआर मील का पत्थर साबित होगी। जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, संतोष सिंह, शशांक कुसुमेश, अरविंद मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, धर्मेंद्र यादव, संजय तिवारी, रामशरण पाठक, आलोक तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर-टू-डोर पहुंचे डिप्टी सीएम

समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सीधे जनता के बीच पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'कुंडी खटकाओ अभियान' के तहत एसआईआर प्रक्रिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने नानमऊ के बूथ संख्या 271 एवं 272 पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत की। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर के महत्व के बारे में बताया।

### मिथिलेश के निधन पर डिप्टी सीएम ने जताया शोक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुलामाबाद मजरे मीरापुर गांव स्थित हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के आवास पहुंचे उन्होंने उनके छोटे भाई मिथिलेश रावत की आकस्मिक मृत्यु पर शोक जताया एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए अपनी संवेदनाएं दी। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिला खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक में सीडीओ ने कहा मिलावट खोरो से सख्ती से निपटें

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा स्टीयरिंग समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाकर छापेमारी की जाये। मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाये।
व्यापारियों का शोषण नही होना चाहिए। पैरवी कर लंबित वादों का निस्तारण कराया जाये।
कहा कि खाद्य लाईसेन्स में पारदर्शिता लाने हेतु आनलाइन पोर्टल संचालित हैं। प्रत्येक खाद्य कारोबारी को लाईसेन्स लेना अनिवार्य हैं। जनपद में कितने लाईसेंस आटो रिन्यूवल तथा कितने लाईसेंस एक्सपायर हुये हैं, का विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाये।
आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थों के संबंध में तथा ताजे एवं खाद्य पदार्थ के उपभोग के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जाये। खाद्य कारोबारकर्ताओं के मध्य खाद्य कारोबार के संबंध में भी जागरूक किया जाये।
बैठक में जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम के तेवर सख्त

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सिरौलीगौसपुर। तहसील सभागार सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 21 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 20 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग से 8, विकास विभाग से 4, विद्युत विभाग से 1, पूर्ति विभाग से 6, जिला समाज कल्याण से 1 और कृषि विभाग से 1 शिकायत प्राप्त हुई। समाधान दिवस के दौरान कई मामलों का भी मौके पर निपटारा किया गया। इनमें खतौनी में अशर्फीलाल के दोहरे नाम को संशोधित करना और 24 वर्षीय बेनीराम को खतौनी में नाबालिग से बालिग दर्ज करना शामिल है। साथ ही, रामसेवक का मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाकर परिजन को प्रदान किया गया।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने उन शिकायतों के लिए, जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका, संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को एसआईआर मैपिंग कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में अभी तक शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां कैंप लगाकर इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त, सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए शत-प्रतिशत मैपिंग करवाने का प्रयास करने को भी कहा गया।इस समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, खंड विकास अधिकारी सिरौलीगौसपुर संजीव कुमार गुप्ता, विद्युत अधिशासी अभियंता हरिपाल सिंह, विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली विमलेश मौर्य, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, और सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा एबीएसए फिजा मिर्जा सहित जिला तथा तहसील स्तर के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब ने लड़ी सामाजिक भेदभाव को दूर करने की लड़ाई: गोप

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध कठोर लड़ाई लड़ते हुए समाज में एकता समरसता को स्थापित के लिए निरंतर संघर्ष किया उनके संघर्ष का ही नतीजा है कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक अधिकार मिल रहा है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं पार्टी की मासिक बैठक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। पूर्व मंत्री श्री गोप ने आगे कहा कि बाबा साहब ने सर्व समाज की भलाई के लिए तमाम दुश्वारियों और कठिनाइयों को सहते हुए समाज में मौजूद बुराइयों को समाप्त करने के लिए जिंदगी भर प्रयास करते रहे उन्हीं के संघर्ष का नतीजा है कि आज समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बड़ी है समाज में सामाजिक समरसता का भाव बढ़ा है एकता बंधुत्व की भावना मजबूत हुई है उनके द्वारा बनाए संविधान से सभी को लाभ मिल रहा है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने संविधान की रक्षा के लिए निरंतर काम करते रहें इसलिए मौजूदा दौर में चल रही प्रक्रिया मे सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने-अपने फॉर्म भरकर जमा करने का काम करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का काम भी हम सबको करना होगा क्योंकि बाबा साहब ने हमें वोट का जो अधिकार दिया है उस अधिकार को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है इसलिए सभी अपने-अपने मतदान स्थल पर उपस्थित होकर अपने एसआईआर से फॉर्म लेकर जल्द से जल्द भरकर जमा करने का काम करें। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुरेश यादव ने कहा कि बाबा साहब ने गांव गरीब गुरबत में रहने वालों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ी थी उसी का नतीजा है कि आज हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं बाबा साहब के संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर हम सबको निरंतर समाज में एकता भाईचारे को मजबूत करने के लिए काम करते रहना होगा तभी हम सबके अधिकार सुरक्षित रहेगे। बैठक में सपा विधायक गौरव रावत, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व विधायक सरवर अली खाँ, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति कामता प्रसाद यादव, पंडित रामचंद्र मिश्रा, अजय वर्मा बबलू, वीरेन्द्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

### प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें पांच बच्चों को बाल श्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री क्षमानाथ राय ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन, मुख्य विकास अधिकारी महोदया के मार्गदर्शन में व हमारे पर्यवेक्षण में जनपद उन्नाव में एएचटी, सहायक श्रम आयुक्त, चाइल्ड हेल्प लाइन की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र व अचलगंज अंतर्गत बाल श्रम को रोकने हेतु अभियान चलाया गया! चलाये गये अभियान 24 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें 5 बच्चों को बाल श्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया व श्रम विभाग द्वारा उक्त प्रतिष्ठान मालिकों को नोटिस भी दिया गया! उपस्थित टीम मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी नीलेश दीक्षित, कृष्ण शंकर अवस्थी, उपनिरीक्षक शैलेश उपनिरीक्षक दशरथ थाना एश्नएचश्नटी, कोऑर्डिनेटर दिवाकर ओझा चाइल्ड हेल्पलाइन उन्नाव तथा केस वर्कर अम्बरीष अवस्थी चाइल्ड हेल्पलाइन उन्नाव द्वारा कार्यवाही की गयी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तराई इलाकों में पहुंचे एसडीएम, किया बूथों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने सरयू नदी के उस पार बसे गांवों का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने पारा, बेहटा और मांझा सहित नदी के उस पार के सभी गांवों के बूथों का दौरा किया। उन्होंने बीएलओ और उनके सहयोग में लगे कर्मचारियों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने कर्मचारियों को विशेष कैंप आयोजित कर मतदाताओं से भरे हुए गणना पत्र वापस लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन पत्रों का डिजिटाइजेशन और मैपिंग भी सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने रविवार को विशेष कैंप आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कैंप में अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क कर उनके गणना पत्र भरवाए जाएं। जिन मतदाताओं को फॉर्म भरने में समस्या हो, उनकी सहायता कर फॉर्म भरवाकर डिजिटाइजेशन और मैपिंग की प्रक्रिया पूरी की जाए।
उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कार ने मासूम को मारी टक्कर, गम्भीर, हिरासत में चालक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक मासूम बालिका घायल हो गई। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। थाना क्षेत्र के जरौली गांव निवासी प्रदीप कुमार शुक्ल की पोती ईशानी शाम करीब 4 बजे घर से पैदल कोचिंग जा रही थी। रास्ते में काली माता मंदिर के पास तेज रफ्तार बिना नंबर की कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे ईशानी घायल हो गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने कार चालक रामबरन रावत के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार अपने कब्जे में ले लिया।

### शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण- अन्ना सुदन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रामनगर तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 62, पुलिस विभाग के 20, विकास विभाग के 4, खाद्य एवं रसद विभाग के 6, खंड शिक्षा विभाग की 1, बैंक से एक, नगर पंचायत से तीन, विद्युत विभाग से चार, कृषि विभाग से दो, गन्ना विभाग से एक, मंडी समिति से एक ,समाज कल्याण विभाग से तीन शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व के 10 ,पुलिस के 3, खाद्य एवं रसद विभाग के दो, समाज कल्याण विभाग की तीन शिकायतों समेत कुल 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 90 शिकायत के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बंदरों का बढ़ता आतंक, अभिभावक परेशान, स्कूल पहुंचना बना चुनौती

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जनपद में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि गांवों के बच्चे अब स्कूल जाने के नाम से घबराने लगे हैं। अमलोरा और त्रिलोकपुर में हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बताये जा रहे हैं। सुबह-शाम की घंटियां, स्कूल की घंटियों से ज्यादा बंदरों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी है। घरों की छतें, खेतों के रास्ते और गलियां इन दिनों लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। अमलोरा के मोहम्मद हफीज की बेटी, कक्षा दो की छात्रा, जब घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थी तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उसे घेर लिया। जान बचाने के लिए वह घबराकर नीचे की ओर भागी और पैर फिसलने से जमीन पर गिर पड़ी। इस हादसे में उसका पैर टूट गया। चीख-पुकार सुन परिवार में हड़कंप मच गया। बेहोश हालत में बच्ची को आनन-फानन में जिला मुख्यालय स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिभावक बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से डर रहे हैं। कई मामलों में लोग अपने काम छोड़कर बच्चों को छोड़ने और लेने जा रहे हैं किसान खेतों में कम और बंदरों से मुकाबले में ज्यादा समय लगा रहे हैं।

